# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, बुधवार 10 दिसंबर 2025


■ घाटी पर एक वाहन खराब और फिर कई किमी लंबा जाम



## चिल्फी के जंगल में फंसी सैकड़ों गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में सोमवार की देर रात एक बार फिर चक्काजाम की गंभीर स्थिति निर्मित हो गई। बताया जा है कि यहां नागमोरी घाट के पास एक गाड़ी खराब हो गई, जिसके कारण मार्ग जाम हो गया है। मार्ग के दोनों ओर माल वाहक के साथ यात्री वाहनों की लम्बी कतारें लग गई हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक चौबीसों घंटे आवाजाही ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मार्ग खुलवाने का किया जा रहा है प्रयास

चिल्फीघाटी के नागमोरी में सोमवार की रात जाम की सूचना मिलने के बाद चिल्फी पुलिस बीते कई घंटों से जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही है, लेकिन नागमोरी में वाहन के ▶▶| शेष पेज 7 पर

# छत्तीसगढ़ में पहली बार आएगा ग्रीन बजट, हरियाली पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ सरकार का नया बजट 2025-26 इस बार एक अलग तरह की हरियाली से रंगा नजर आने वाला है। दरअसल इस बजट का एक बड़ा हिस्सा ग्रीन (हरित) बजट के रूप में सामने आएगा। खास बात ये है कि इसमें कई नए और बड़े प्रावधान शामिल किए जा सकते हैं। सरकार के वित्त विभाग ने ग्रीन बजट बनाने की कवायद शुरू कर दी है। प्रदेश की नौकरशाही के सबसे वरिष्ठ अफसरों से ग्रीन बजट के लिए प्रस्ताव मंगाए गए हैं। राज्य में पहली बार ये बजट लाने की तैयारी है।

## वित्त ने वरिष्ठ अफसरों से मंगाए प्रस्ताव

### क्या है ग्रीन बजट

राज्यों में ग्रीन बजट (हरित बजट) एक ऐसा वित्तीय योजना उपकरण है, जो सरकार के खर्चों और नीतियों को पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु लक्ष्यों के साथ जोड़ता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी बजट का हर हिस्सा पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग में योगदान दे, जिससे टिकाऊ विकास हो सके और देश, राज्य अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों को पूरा कर सकें। यह सिर्फ पर्यावरण विभाग के ▶▶| शेष पेज 7 पर




### वित्त ने मंगाए प्रस्ताव

इस मामले को लेकर वित्त विभाग ने राज्य सरकार के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों सभी अपर मुख्य सचिव सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव और विशेष सचिव के लिए आदेश जारी किया है। कहा गया है कि बजट वर्ष 2026-27 में ग्रीन बजट से संबंधित अनुमानित राशि का संकलन किया जाना है। इसलिए ग्रीन बजट पुस्तिका के प्रकाशन के लिए योजनाओं को चिह्नित करते हुए निर्धारित प्रपत्र में जानकारी भेजें। यह इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वर्तमान में जेंडर बजट के अंतर्गत 100 प्रतिशत महिला केंद्रित व 30 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की भागीदारी वाली योजनाएं शामिल की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ग्रीन बजट में शामिल होंगी ये गतिविधियां

प्रस्तावित ग्रीन बजट में हरित निवेश एवं अवसंरचना, जलवायु परिवर्तन शमन अनुकूलन, प्रदूषण, स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, एवं परिपत्र व्यवस्था, भमि उपयोग एवं नियोजन की गतिविधियां भी शामिल होंगी। इस योजना के लिए बजट का प्रावधान किस तरह किया जाना है, यह बताते हुए हरित बजट अनुमान के साथ योजना को शामिल करने का कारण लिखने कहा गया है।






## लोकसभा में चुनाव सुधारों पर तीखे बोल, राहुल ने पूछे तीन सवाल

# वार- भाजपा संस्थाओं से करा रही वोट चोरी

# पलटवार- इंदिरा गांधी ने चुराई थी 'जीत'

*संसद के शीतकालीन सत्र में मंगलवार को लोकसभा में चुनाव सुधारों पर चर्चा के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने ईवीएम, वोटर लिस्ट में कथित हेरफेर और आरएसएस द्वारा सभी संस्थाओं पर कब्जा कर वोट चोरी का गंभीर आरोप लगाया। जवाब में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने तीखा पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने भारत के संविधान को खराब किया है। इंदिरा गांधी ने 'वोट चोरी' करके रायबरेली जीता था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राहुल गांधी ने कहा कि दिसंबर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता। यह 2024 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले किया गया। सीसीटीवी और डेटा को लेकर नियम बदले गए। सत्ता के साथ चुनाव आयोग का तालमेल है। यह डेटा का सवाल नहीं, चुनाव का सवाल है।

हरियाणा की वोटर लिस्ट में एक ब्राजीलियन महिला की फोटो 22 बार छपी। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग को कंट्रोल करने का क्या मतलब है? वह तस्वीरें यहां नहीं दिखाना चाहता, लेकिन यह चुनाव की चोरी का सवाल है। चुनाव आयोग को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि बिहार में एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट में एक लाख 22 हजार डुप्लीकेट फोटो छपी हैं। हमने हरियाणा और महाराष्ट्र में वोट चोरी साबित की है। चुनाव सुधार जरूरी हैं। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट सभी राजनीतिक दलों को चुनाव से एक महीने पहले ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राहुल के सवाल

- चुनाव आयुक्त की नियुक्ति से सीजेआई को क्यों हटाया गया? क्या इसका मकसद यही था कि उस कमरे में मेरी कोई आवाज़ नहीं रह पाए।
- चुनाव आयुक्तों को सजा से छूट का प्रावधान क्यों? दिसंबर 2023 में कानून बदला कि चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।
- सीसीटीवी और उसमें मौजूद डेटा से संबंधित कानून क्यों बदला गया? ऐसा कानून क्यों बनाया गया जो चुनाव आयोग को चुनाव के 45 दिन बाद सीसीटीवी फुटेज नष्ट करने की अनुमति देता है? इसकी क्या जरूरत थी?

### दोनों सदनों में जमकर हंगामा



### 12 राज्यों में एसआईआर गैरकानूनी

कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी बोले- देश के 12 राज्यों में किया जा रहा एसआईआर गैरकानूनी है। संविधान में पूरे राज्य में एक साथ एसआईआर को लेकर कोई कानून नहीं है, इसे तत्काल रोकें। देश में चुनावों से पहले डायरेक्ट कैश ट्रांसफर करने पर रोक लगनी चाहिए, चुनाव ईवीएम की जगह बैलट पेपर से कराए जाने चाहिए।

### निशिकांत ने कहा- इंदिरा ने राष्ट्रपति को रबर स्टैंप बना दिया था

निशिकांत दुबे ने चुनाव सुधारों पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा, इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति को रबर स्टैंप बना दिया, प्रेस की आजादी छीन ली, अपने चहेते को मुख्य न्यायाधीश बनवाया। और पहली बार ईवीएम भारत में राजीव गांधी के समय ही आईं। उन्होंने आगे कहा कि 1961 और 1971 में ही विशेष गहन पुनरीक्षण और ईवीएम की जरूरत पर चर्चा हो चुकी थी। राहुल गांधी के भाषण के तुरंत बाद बोलते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा, मैं आरएसएस ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इधर, रास में वंदे मातरम् ...



### गृहमंत्री शाह ने कहा- वंदे मातरम् भारत की आत्मा

राज्यसभा में मंगलवार को 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ पर विशेष चर्चा के दौरान सदन का माहौल पूरे दिन गरमाता रहा। सत्र शुरू होते ही सरकार और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हुए, जिसके चलते कई बार हंगामा भी हुआ और कार्यवाही बाधित करनी पड़ी। बहस की शुरुआत करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की "राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा" है। उन्होंने कांग्रेस पर अपरोक्ष रूप से निशाना साधते हुए दावा किया कि इतिहास में कुछ अवसरों पर इस गीत को सीमित करने की कोशिश की गई, जिसे उन्होंने "सांस्कृतिक विरासत ▶▶| शेष पेज 7 पर

### खबर संक्षेप

#### फ्लाइट जैसी होंगी सुविधाएं लग्जरी होटल जैसा आराम

**नई दिल्ली।** पटना-नई दिल्ली रूट पर यात्रियों को एक नए यात्रा अनुभव का तोहफा मिलने वाला है। लंबे इंतजार के बाद पटना-दिल्ली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन इसी महीने पटरी पर दौड़ने के लिए तैयार है। तेजस जैसी रफ्तार, राजधानी जैसी आरामदायक यात्रा और वंदे भारत की उन्नत तकनीक। इन तीनों का मेल पहली बार किसी स्लीपर ट्रेन में देखने को मिलेगा। रेलवे का दावा है कि यह ट्रेन 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने पर भी इतनी स्थिर रहेगी कि कप में रखी चाय तक नहीं छलकेगी। ट्रेन का इंटीरियर इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि यात्रियों को प्रीमियम होटल जैसा अनुभव मिले।



## डीपीएस दुर्ग में वार्षिक उत्सव अनुगूंज-2025 का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्ग (डे-कम-रेजिडेंशियल स्कूल) में वार्षिक उत्सव अनुगूंज-2025 का भव्य आयोजन बुधवार 10 दिसंबर को किया जा रहा है। स्कूल ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत शाम 5:30 बजे से होगी। आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव रहेंगे। साथ ही हरियाणा के पूर्व वित्त एवं राजस्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु भी कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। इसके साथ ही डीपीएस दुर्ग प्रबंधन समिति के सदस्य एचएस बत्रा, सात्विक सिंधु, वीर सेन सिंधु, हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपादक व डीपीएस दुर्ग की प्रबंधन समिति के सदस्य डॉ. हिमांशु द्विवेदी, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, डीपीएस दुर्ग की प्राचार्य व निदेशक पुनीता नेहरू, डीपीएस बिलासपुर के प्राचार्य जसपाल सिंह माथ, इंडस पब्लिक स्कूल दीपका के प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता, इंडस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस पब्लिक स्कूल रोहतक के प्राचार्य दीपक कुमार और इंडस पब्लिक स्कूल जींद के प्राचार्य अरुणा शर्मा और शैक्षणिक निदेशक प्रवीण पुरथी भी सम्मानीय अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।



### कई प्रस्तुति, युग यात्रा भी

आयोजन के दौरान दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना, परकशन एंसेंबल (ऑर्केस्ट्रा), पिग्मेलियन (अंग्रेजी नाटक), बियॉन्ड बाउंड्रीज, स्वागत भाषण और वार्षिक रिपोर्ट (प्रिंसिपल डायरेक्टर द्वारा), पुरस्कार वितरण और स्मृति चिन्ह दिये जाएंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि का संबोधन और युग यात्रा (नृत्य नाटिका) का आयोजन किया जाएगा।






सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## 228 करोड़ का बैंक फ्रॉड अंबानी के बेटे पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीबीआई ने उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अनिल अंबानी और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के खिलाफ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कथित धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है, जिससे सार्वजनिक बैंक को 228 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने बैंक (पूर्ववर्ती आंध्रा बैंक) की ओर से 'रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड', जय अनमोल अनिल अंबानी और रवींद्र शरद सुधाकर के खिलाफ शिकायत पर कार्रवाई की।



### क्या है आरोप

बैंक ने आरोप लगाया, आरोपी व्यक्तियों ने उधारकर्ता कंपनी के पूर्व प्रवर्तकों/ निदेशकों की हैसियत से खातों में हेराफेरी और आपराधिक विश्वासघात के माध्यम से धन का दुरुपयोग किया। जिस उद्देश्य के लिए वित्त प्रदान किया गया था, उसके अलावा अन्य उद्देश्यों के लिए धन का दुरुपयोग किया।

उपचार नहीं करने का आरोप

## एंबुलेंस में प्रसव, प्रसूता और नवजात की हो गई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर/सूरजपुर

एंबुलेंस में प्रसव के दौरान नवजात व प्रसूता की मौत हो गई। महिला को सूरजपुर जिला अस्पताल से रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया जबकि मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने प्रसूता को भी मृत घोषित कर दिया। इस मामले में मृतका के परिजन ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और अस्पताल ▶▶| शेष पेज 7 पर

### जांच होगी

*प्रसूता पीएचसी से रेफर होकर जिला अस्पताल में भर्ती हुई थी। महिला के शरीर में सूजन था, बीपी अधिक था और खून की कमी थी। उसकी हालत गंभीर थी इसलिए प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया था। रात को अस्पताल में डॉक्टर मौजूद थी और उन्होंने जांच के बाद रेफर किया है। जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।*

*-डॉ. कपिल देव पैकरा, सीएमएचओ*




संशोधित चिकित्सा स्नातकोत्तर प्रवेश नियम 2025 के खिलाफ हाईकोर्ट में विचाराधीन प्रकरण का हवाला देकर चिकित्सा छात्रों ने काउंसिलिंग प्रक्रिया रोकने की मांग की है।


# चिकित्सा छात्रों ने की पीजी काउंसिलिंग स्थगित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विभागीय अधिकारियों ने तर्क दिया है कि काउंसिलिंग प्रक्रिया न्यायालय में पारित निर्देशों के आधार पर संशोधित नियम के साथ प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मेडिकल कालेजों में पीजी की शासकीय सीटों का बंटवारा तूल पकड़ चुका है। स्थानीय छात्रों का अहित होने का हवाला देकर चिकित्सा छात्र संगठनों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। उनका तर्क है कि इस नियम से स्थानीय छात्रों को केवल 25 फीसदी सीट मिलेगी और 75 फीसदी बाहरी छात्रों के खाते में चला जाएगा।

इसे लेकर सोमवार को मेडिकल कालेज स्तर पर प्रदर्शन किया गया था। चिकित्सा छात्रों का आरोप है कि विभाग ने हाईकोर्ट के निर्देशों की गलत व्याख्या कर नियम बनाया है। हाईकोर्ट के निर्देश में कहीं स्टेट कोटे की सीट को आधा-आधा करने का उल्लेख नहीं है। इस संशोधित नियम के खिलाफ कोर्ट में याचिका लगाई गई है जो विचाराधीन है।

## हाईकोर्ट तक पहुंचा संशोधित पीजी प्रवेश नियम 2025 का मामला



### नियम को संशोधित किया

चिकित्सा शिक्षा आयुक्त को पत्र भेजकर सीजी डाक्टर फेडरेशन ने काउंसिलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने की मांग की है। दूसरी ओर चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से काउंसिलिंग की प्रक्रिया और नियमों के अनुसार पूरी की जा रही है। उच्च न्यायालय के निर्देश के आधार पर पूर्व के नियम को संशोधित किया गया है। इसमें 50 फीसदी सीट एनएमसी से मान्यता प्राप्त राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों अथवा इन सर्विस डाक्टरों को देने और 50 फीसदी सीट ओपन मेरिट के आधार पर दिए जाने का नियम बनाया गया है।

### महंत ने भेजी मुख्यमंत्री को चिट्ठी

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डा. राकेश गुप्ता की उपस्थिति में सीजीडीएफ के पदाधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत से मिलाकर अपनी समस्या बताई। उनकी बातें सुनने और अन्य राज्यों में ऐसा नियम नहीं होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने मुख्यमंत्री डा. विष्णुदेव साय को पत्र भेजा है। इसमें आग्रह किया गया है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर त्रुटि सुधारकर काउंसिलिंग प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

## खबर संक्षेप

### जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्कर पकड़ाए



**धमतरी।** विलुप्ति की कगार पर खड़े पैंगोलिन की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को रिजर्व फारेस्ट की एंटी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक जिंदा पैंगोलिन बरामद किया गया है। आरोपियों को उमरकोट के न्यायालय में पेश किया गया। रविवार को रिजर्व फारेस्ट क्षेत्र में उमरकोट से लगे ढोर्रा और सिगलीगोदरा के बीच 2 व्यक्ति को 1 नग जिंदा पैंगोलिन (सालखपरी) की अवैध तस्करी करते हुए एंटी पोचिंग टीम ने पकड़ा।

### पिकअप के चपेट में आने से मासूम की गई जान

**पलारी।** नगर में सोमवार की शाम एक हृदय विदारक घटना में डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची की जान चली गई।



घटना नगर के वार्ड 12 की है, जहां मृतक मासूम भवानी पिता साहिल यादव अपने घर के पास सड़क के निकट खेल रही थी, तभी रास्ते से गुजर रहा डीजल टैंकर के चपेट में आ गई, जिससे भवानी को गंभीर चोटे आई है, जिसे तत्काल सीएससी पलारी ले जाया गया। भवानी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर रेफर किया गया, जहां रास्ते में ही भवानी ने दम तोड़ दिया।

### हॉस्टल अधीक्षक की सड़क हादसे में मौत

**गिधौरी।** छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के सलाहकार और शासकीय प्री-मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, कसडोल में पदस्थ अधीक्षक मोहरसाय अजय का मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में निधन हो गया। जानकारी के अनुसार, मोहरसाय अजय मंगलवार सुबह अपने घर से सोनाखान ड्यूटी जा रहे थे। जब वे वनांचल के सोनाखान के पास ग्राम बंगलापाली पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें ज़ोरदार ठोकर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के ग्रामीणों ने घटना स्थल पर जाकर देखा तो अज्ञात वाहन की ठोकर से मोहरसाय अजय की मौके पर ही मौत हो चुकी थी।

## शिक्षकों का कहना- पुस्तकें देर से मिली, प्रेक्टिकल भी नहीं हो पाए पर एक्स्ट्रा क्लास लगा रहे

# बोर्ड परीक्षाएं नजदीक, स्कूलों में कोर्स अधूरा

10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षाएं इस साल फरवरी माह से ही प्रारंभ हो रहीं हैं। इसके बाद बावजूद कई जिलों में कोर्स कंप्लीट नहीं हो पाया है। कहीं 60 तो कहीं 80 फीसदी ही कोर्स पूरा हो पाया है। ज्यादातर स्कूलों में विज्ञान और गणित विषय को लेकर काफी समस्या है। हालांकि एक- दो जिलों कोर्स पूरा हो गया है और रिवीजन भी हो रहा है।

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा फरवरी माह से प्रारंभ कर दी जाएगी, जो मार्च माह के मध्य तक चलेगी। परीक्षा को लेकर स्कूलों में अब तक सभी विषयों में पढ़ाई पूरी नहीं हुई है। जिसे लेकर विद्यार्थियों में चिंता बनी हुई है । कोर्स कंप्लीट नहीं होने के चलते विद्यार्थी रिवीजन भी नहीं कर पा रहे हैं। जबकि फरवरी माह से परीक्षा शुरू होने के चलते अब तक कोर्स कंप्लीट हो जाना था। लेकिन अभी लगभग 75 से 80 प्रतिशत ही पढ़ाई पूरी हुई है। पहले ही बोर्ड परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में एक दबाव रहता है। वही कोर्स कंप्लीट नहीं होने के चलते भी विद्यार्थियों की चिंता बढ़ी हुई है। शहरी क्षेत्र के स्कूलों में लगभग 85 प्रतिशत पढ़ाई ही पूरी हुई है। तो वही ग्रामीण क्षेत्रों में 75 प्रतिशत के करीब कोर्स कंप्लीट हुआ है। हालांकि शिक्षक लगभग पढ़ाई पूरी होने का दावा कर रहे हैं ।

- परीक्षा शुरू होने में केवल 40 दिन बचे विद्यार्थियों व पालकों की चिंता बढ़ी

### विज्ञान में पिछड़ रही पढ़ाई



राजनांदगांव शहर के प्यारेलाल स्कूल में कक्षा दसवीं और बारहवीं में अब तक कोर्स कंप्लीट नहीं हुआ है । कक्षा दसवीं के छात्र- छात्राओं का कहना है कि संस्कृत और विज्ञान अन्य विषय से पीछे है। वही यहां के प्रभारी प्राचार्य राजेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि कक्षा 12वीं में 95 प्रतिशत और कक्षा दसवीं में कोर्स लगभग कंप्लीट हो गया है ।

### दुर्ग जिले में दसवीं और बारहवीं का 70 प्रतिशत कोर्स ही पूरा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सरकारी स्कूलों में फरवरी में बोर्ड परीक्षा इस बार आयोजित की जाएगी। दुर्ग जिले में वर्तमान में 149 सरकारी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में दसवीं और बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं ली जा रही है। यहां 70 प्रतिशत कोर्स ही पूरे हो पाए हैं। शिक्षकों ने बताया कि पुस्तकें देरी से मिलने की वजह से पढ़ाई शुरू करवाने में देरी हुई। जिसकी वजह से कोर्स की पढ़ाई पूरी नहीं हो पाई है। कोर्स पूरा करने के लिए एक्सट्रा क्लास भी शुरू की गई है। विद्यार्थियों ने बताया कि प्रेक्टिकल की कक्षाएं भी काफी कम हुई है। शुरूआत में ही पुस्तकें देरी से मिली। इसलिए कोर्स से पिछड़ गए हैं। प्राचार्य प्रमोशन के इंतजार में व्याख्याता रहे जिसके इंतजार में भी पढ़ाई प्रभावित हुई। वहीं सीबीएसई स्कूलों में दसवींऔर बारहवीं कक्षाओं की 100 प्रतिशत कोर्स पूरे हो गए हैं। इन स्कूलों में विद्यार्थयों की प्री बोर्ड परीक्षाएं चल रही है।

### धमतरी जिले में सिलेबस अंतिम चरण में, अर्धवार्षिक परीक्षा से पहले रिवीजन शुरू

**धमतरी।** अर्धवार्षिक परीक्षा से पहले ही सिलेबस अंतिम चरण पर पहुंच गया है। स्कूलों में सिलेबस 80-95 प्रतिशत तक पूरा हो गया है। अर्धवार्षिक परीक्षा को देखते हुए स्कूलों में अब रिवीजन शुरू कर दिया गया है। अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद कोर्स कम्पलीट किया जाएगा। इस साल स्कूलों में पढ़ाई की रफ्तार अच्छी है। 11 दिसंबर से अर्धवार्षिक परीक्षाएं होनी हैं। जिले के अधिकांश हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में सिलेबस 80-95 प्रतिशत तक हो चुका है। व्याख्याताओं ने बताया कि अभी सामने अर्धवार्षिक परीक्षा है, जिसके चलते सिलेबस को रोक दिया गया है। अब अर्धवार्षिक परीक्षा के लिए रिवीजन करवाया जा रहा है।

**कई स्कूलों में शत-प्रतिशत सिलेबस पूरा :** भोयना हायर सेकेंडरी स्कूल में सिलेबस शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है। इस स्कूल में तो अब रिवीजन शुरू कर दिया गया है, जो बोर्ड परीक्षा तक चलेगा। शहर के शिवसिंह वर्मा हायर सेकेंडरी स्कूल की प्राचार्य बी. मैथ्यू ने बताया कि उनके स्कूल में सिलेबस 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। खरतुली हायर सेकेंडरी स्कूल में 90 प्रतिशत, शंकरदाह में 85 और म्युनिसिपल स्कूल में 80 प्रतिशत से ज्यादा सिलेबस पूर्ण हो चुका है।

### 23 दिन में 1.66 करोड़ की अवैध उपज जब्त मंडी ने बनाए 122 केस



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग की 11 मंडियों की टीम ने धान खरीदी के 23 दिन में एक करोड़ 66 लाख 30 हजार 915 रुपए कीमत का 7993 क्विंटल अवैध धान एवं मक्का जब्त किया है। साथ मंडियों की ओर से अवैध उपज के 122 प्रकरण बनाए गए हैं। जिसमें कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड बस्तर संभाग की ओर से 11 मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। यह टीम सूचना पर रात में भी वाहनों को रोककर तलाशी कर रहे हैं। सीमावर्ती इलाकों में धान का अवैध परिवहन रोकने के लिए लगातार कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जा रही। अवैध परिवहन करने वालों पर सख्ती कार्रवाई हो रही है। कृषि उपज मंडी जगदलपुर की ओर से सीमावर्ती राज्य के धनपूंजी स्थित मंडी के नाका लगाया गया है।

# मछली पकड़ने गए गांव के बैगा को अजगर ने जकड़ा, हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

थाना अंतर्गत ग्राम छेवारीपाली में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मछली पकड़ने गए गांव के बैगा को अजगर ने जकड़ लिया। अजगर ने ऐसा जकड़ा की उसकी सासें वहीं पर थम गई। यह सनसनीखेज घटना गांव में आग की तरह तरफ फैली और सब तालाब की ओर दौड़ने लगे।

सरिया थाना अंतर्गत ग्राम छेवारीपाली निवासी मिथिलेश सिदार 35 सुबह करीब 6 बजे अपने घर से निकलकर सीधे गांव के तालाब के पास एक बड़ा तालाब जिसे कांटा एवं टार तालाब के नाम से जाना जाता है वहां पहुंचा और जैसे ही उसने मछली पकड़ने के लिए बिछाए गए जाल को कांटा तालाब में उतरकर खींचने का प्रयास किया। तभी अजगर ने उसे गिरफ्त में ले लिया और पानी के अंदर दबोच दिया। मिथिलेश के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े, तब तक अजगर मिथिलेश को पानी के अंदर पूरी तरह से जकड़ लिया था। कहीं मिथिलेश दिखाई नहीं दिया। तब ग्रामीणों को शक हुआ कि अजगर ने पानी में खींच लिया होगा।

- जानकारी लगते ही ग्रामीण पहुंचे पर बचा नहीं पाए

आसपास पता करने पर मिथिलेश की चप्पल एवं लाठी पास में ही पड़ी थी। उसी के आधार पर ग्रामीण उसे खोजने लगे और पानी में जैसे उतरे मिथिलेश की लाश मिली। ग्रामीणों ने बताया कि हमारे गांव के कांटा तालाब के पास अजगर का खौफ है। इसके पहले भी लोगों ने अजगर को देखा और लोग सतर्क हो गए थे। लेकिन सोमवार की शाम मिथिलेश सिदार कांटा तालाब में मछली पकड़ने के लिए जाल बिछाया था। मंगलवार सुबह तालाब से मछली निकालने गया था। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई कर रही है।



### रेस्क्यू करने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि कांटा तालाब में अजगर के खौफ के कारण पूरे गांव के लोग परेशान हैं। ग्रामीणों ने कांटा तालाब से अजगर को रेस्क्यू करने की मांग की, ताकि गांव से और किसी जान ना जाए।

कांकेर जिले में हुआ 98 दस्तावेजों का पंजीयन

# गाइड लाइन दरों में अत्यधिक वृद्धि नहीं सरकार ने कहा- सरलीकरण किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड छत्तीसगढ़ द्वारा स्वीकृत नई गाइड लाइन दरों को लेकर आमजन के बीच उत्पन्न हो रहे भ्रम को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने विस्तृत जानकारी जारी की है। शासन ने स्पष्ट किया है कि नई गाइडलाइन दरें न केवल अधिक सरल और वैज्ञानिक हैं, बल्कि इनके माध्यम से पुराने वर्षों से चली आ रही विसंगतियों का समाधान भी किया गया है। सरकार ने बताया कि नवीन गाइडलाइन 20 नवंबर 2025 से प्रभावी हो चुकी है और इस अवधि में कांकेर जिले में लगभग 98 दस्तावेजों का पंजीयन सुचारू रूप से किया जा चुका है।

### ई-पंजीयन प्रणाली पूरी तरह सुचारू

कुछ लोगों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि नई गाइडलाइन ऑनलाईन अपडेट न होने से दस्तावेज पंजीयन ठप हो गया है, जबकि तथ्य यह है कि जिले के सभी उप-पंजीयक कार्यालयों में पंजीयन का कार्य निर्बाध रूप से चल रहा है और किसी भी प्रकार की व्यवधान की स्थिति नहीं है।

### नगरीय क्षेत्रों में व्यापक सरलीकरण

पूर्व में एक ही वार्ड में कई कंडिकाओं के कारण समान भौगोलिक और व्यावसायिक स्थिति होने के बावजूद दरों में अंतर पाया जाता था, जिससे नागरिकों में असंतोष था। नवीन सर्वे, भौतिक सत्यापन तथा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के बाद इन कंडिकाओं को कम किया गया है और दरों को समान किया गया है। कांकेर नगर पालिका के 21 वार्डों में पहले 56 कंडिकाएं थीं, जिन्हें घटाकर 26 कर दिया गया है। इसी प्रकार नगर पंचायत चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़ और पंखाजूर की कुल 253 कंडिकाओं को कम कर 105 किया गया है।

### दर वृद्धि संबंधी भ्रांति का समाधान


राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश में अंतिम बार गाईडलाइन दरों का पुनरीक्षण वर्ष 2019-20 में किया गया था। छह वर्षों बाद किए जा रहे इस पुनरीक्षण में नगरीय क्षेत्रों में मात्र 20 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह वृद्धि स्वाभाविक और तार्किक है। यदि दरों को हर वर्ष बढ़ाया जाता, तो वर्तमान दरें कहीं अधिक होतीं। अतः अत्यधिक वृद्धि की बात निराधार है।

### आमजन से अपील

राज्य शासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी अफवाह या भ्रम में न आएं। गाईडलाइन दरों से संबंधित किसी भी सूचना या शंका के निराकरण के लिए नागरिक अपने निकटस्थ पंजीयन कार्यालय में संपर्क कर वास्तविक और प्रमाणिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। नई गाईडलाइन दरों को प्रदेश में रियल एस्टेट लेनदेन को पारदर्शी बनाने, टैक्स चोरी रोकने और जमीन संबंधी मूल्यांकन को अधिक विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### दर पुनरीक्षित न होने से आने वाली समस्याओं का उल्लेख

सरकार ने कहा है कि पुरानी गाईडलाइन दरें जारी रहने से काले धन के लेनदेन को प्रोत्साहन मिलता है। कई बार वास्तविक सौदा मूल्य अधिक होने के बावजूद पंजीयन पुरानी गाईडलाइन दरों पर किया जाता है, जिसके कारण अंतर की राशि काला धन बनती है और बाद में विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। इसी प्रकार पुरानी दरों के कारण संपत्तियों का मूल्यांकन कम होता है, जिससे खरीदारों को ऋण पात्रता भी कम मिलती है। मुआवजे के निर्धारण में भी विसंगतियां सामने आती हैं। सरकारी अधिग्रहण की स्थिति में पुराने दरों के आधार पर मुआवजा तय होने से भूमि मालिकों, विशेषकर किसानों को उनकी संपत्ति का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। इसलिए नई गाईडलाइन दरें अधिक युक्तियुक्त और वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप हैं।

रायपुर
बुधवार, 10 दिसंबर 2025
पौष कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 24, अंक : 142
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम**
अधि. 29.8
न्यून. 12.3

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# अब ऑनलाइन होगा जमीन का डायवर्सन, 16 वें दिन मिल जाएगा आदेश

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जमीनों के डायवर्सन के लिए अब शहरों से लेकर गांवों तक में किसानों, भूमि स्वामियों को एसडीएम के दफ्तर में चक्कर लगाने से पूरी तरह छुटकारा मिल जाएगा। राज्य सरकार ने प्रक्रिया में बदलाव की रूपरेखा तैयार कर इसे प्रस्तावित कर दिया है। इस पर दावा आपत्ति के बाद यह सिस्टम लागू हो जाएगा। इस काम के लिए एक अलग पोर्टल ▶▶| शेष पेज 7 पर

### ये है मामला

राज्य सरकार ने डायवर्सन के मामलों को आसान बनाने के लिए छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण नियम 2025 बनाया है। इस पर दावा आपत्ति के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। इस समय के भीतर आने वाली दावा-आपत्ति का निराकरण करने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

## भूमि स्वामी को पोर्टल में करना होगा आवेदन, घर बैठे मिल जाएगा डायवर्सन का आदेश

### अब नहीं लगाने होंगे एसडीएम दफ्तर के चक्कर

छत्तीसगढ़ में यह नियम लागू होने से पहले जमीनों का डायवर्सन एक लंबा समय लेना वाला एक पेचीदा काम बना हुआ था। डायवर्सन के लिए आवेदन देने के बाद एसडीएम को आदेश जारी करने के लिए ही 60 दिन यानि दो माह का समय दिया ▶▶| शेष पेज 7 पर



### अब लागू होंगी प्रीमियम दरें

खास बात ये है कि नए सिस्टम में डायवर्सन के लिए प्रीमियम दरें लागू होंगी। मोटे तौर पर यह 3 रुपए वर्गमीटर से लेकर 25 रुपए वर्ग मीटर रखी गई है। यह दर नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के लिए अलग-अलग होगी। यहआवासीय प्रयोजन, आवासीय इकाई, कॉलोनी परियोजना, वाणिज्यक, औद्योगिक और मिश्रित प्रयोजन, सार्वजनिक, संस्थागत, और चिकित्सा सुविधाओं तथा विशेष आर्थिक क्षेत्र के लिए अलग- अलग होगी।

**74 रन ही बना सका साउथ अफ्रीका**

# टी-20 में भारत का जीत से आगाज

**इतने रिकॉर्ड**

- बुमराह ने पूरे किए 100 विकेट
- हार्दिक ने 100 छक्के पूरे किए
- गेंदबाजी में हार्दिक के 99 विकेट
- प्लेयर ऑफ द मैच रहे हार्दिक



एजेंसी ▶▶| कटक

*भारत ने कटक में खेले गए पहले टी-20 में साउथ अफ्रीका को 101 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। टीम इंडिया ने नौवीं बार कोई टी-20 मैच में 100 रन या इससे ज्यादा के अंतर से जीता है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए हार्दिक पांड्या के नाबाद अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में छह विकेट पर 175 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 12.3 ओवर में 74 रन पर ढेर हो गई। दूसरा टी-20 मैच 11 दिसंबर को चंडीगढ़ में खेला जाएगा।*

**इंडिगो संकट**
**रिफंड-लगेज को लेकर सख्त आदेश**

# सरकार का इंडिगो पर कड़ा एक्शन उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती

- जांच के लिए 10 बड़े एयरपोर्ट पर सीनियर अफसर तैनात
- आठवें दिन देशभर में करीब 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द

*इंडिगो संकट पर सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उसे ये भी कहा गया है कि वो यात्रियों को रिफंड और लगेज जल्द से जल्द वापस लौटाए। उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि इंडिगो के रूट्स में कटौती जरूरी है। इधर, इंडिगो की फ्लाइट कैंसिल होने का सिलसिला मंगलवार को भी जारी रहा। देशभर में 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं।*

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पिछले हफ्ते क्रू रोस्टर, फ्लाइट शेड्यूल और संचार की कमी जैसे आंतरिक कुप्रबंधन के कारण यात्रियों को हुई भारी असुविधा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मंत्रालय का मानना है कि एयरलाइन के संचालन को स्थिर करने और रद्दीकरण की घटनाओं को कम करने के लिए यह कटौती जरूरी है। हालांकि, इस कटौती के बावजूद इंडिगो अपने सभी मौजूदा गंतव्यों पर उड़ानें जारी रखेगी। इधर, केंद्र सरकार ने मौजूदा हालात की जांच के लिए 10 बडे एयरपोर्ट पर सीनियर अफसरों को तैनात किया है। ये लोग पता लगाएंगे कि यात्रियों को कौन-कौन सी परेशानी आ रही है। ये अफसर डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी लेवल के हैं। 10 बड़े एयरपोर्ट में मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, गुवाहाटी, गोवा और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को मंगलवार को ▶▶| शेष पेज 7 पर




इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से मुलाकात की। इस दौरान पीटर एल्बर्स एविएशन मिनिस्टर के सामने हाथ जोड़े नजर आए।

**हम संकट के बाद फिर अपने पैरों पर खड़ा हो रहे**

उधर, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने कहा कि आपका एयरलाइन संकट के दौर के बाद एक बार फिर अपने पैरों पर खड़ा हो गया है। इंडिगो सीईओ ने वीडियो के जरिए बयान जारी कर कहा, हम परेशानियों से गुजरे, यात्रियों को परेशानी हुई। इसके लिए हम माफी चाहते हैं। हवाई यात्रा की खुबसूरती यह है कि यह लोगों को, इमोशन और एंबीशन को साथ लाती है।

### मंजूर उड़ानों के मुकाबले कम संचालन

*डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवंबर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवंबर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं।*



### क्या है डीजीसीए का निर्देश?

*डीजीसीए ने अपने आदेश में कहा, एयरलाइन को अपने शेड्यूल को 5% तक घटाने का निर्देश दिया जाता है, यह कटौती विशेष रूप से अधिक मांग और अधिक फेरों वाले उड़ानें में हो। साथ ही, इंडिगो को किसी रूट पर जारी एकल उड़ानों को बंद करने से बचना चाहिए।*

### कितनी बड़ी एयरलाइन है इंडिगो?

यह महज एक एयरलाइन नहीं, बल्कि भारतीय एविएशन की रीढ़ है। एयरलाइन के पास 434 विमानों का बेड़ा है। इसने 920 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर भी दे रखा है। इंडिगो हर दिन 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है। 3.2 लाख से अधिक यात्रियों को हवाई सफर करवाती है। यह 128 गंतव्यों के लिए अपनी सेवाएं देती है। वित्त वर्ष 2025 के लिए एयरलाइन का राजस्व लगभग 80,803 करोड़ रुपए रहा। नवंबर 2024 से इंडिगो ने हर महीने 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को हवाई सफर कराया है।

### एयरलाइन के लिए हालात कब और कैसे बिगड़े?

इंडिगो के लिए वर्तमान संकट अचानक नहीं आया, लेकिन बीते तीन-चार दिनों में इसमें बेतहाशा वृद्धि हुई। सबसे ज्यादा असर एयरलाइन की यूएसपी यानी 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' पर पड़ा है। वित्तीय वर्ष 2025 में एयरलाइन ने 73.8% की ओटीपी हासिल की थी। 1 दिसंबर को ओटीपी गिरकर 50% पर आ गई। 2 दिसंबर को यह और गिरकर 35% पर पहुंच गई। 3 दिसंबर को हालात और खराब हो गए और ओटीपी 19.7% रह गई। 4 दिसंबर को एयरलाइन का सिस्टम पूरी तरह चरमरा गया और ओटीपी ऐतिहासिक निचले स्तर 8.5% पर आ गई। मुख्य कारण नए एफडीटीएल नियमों के दूसरे चरण का लागू होना और उसके बाद क्रू (पायलट और केबिन स्टाफ) की गंभीर कमी है।

### क्या होगा असर

यह कटौती हाई-डिमांड, हाई-फ्रीक्वेंसी रूट पर फ्लाइट में गई है। इसका असर इंडिगो की रोजाना ऑपरेट होने वाली 2300 फ्लाइट्स पर पड़ेगा। यानी लगभग 230 फ्लाइट्स घट जाएंगी। इसके अलावा इंडिगो को बुधवार शाम 5 बजे तक डीजीसीएम को एक बदला हुआ शेड्यूल जमा करने का भी निर्देश दिया गया है।

**लालखदान रेल हादसे में नया खुलासा**

# घटना के 7 मिनट बाद दी गई कंट्रोलर को सूचना, इसलिए देर से बजा हूटर

हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

किसी भी रेल हादसे के बाद तत्काल 1 मिनट के अंदर कंट्रोलर को सूचना देनी चाहिए, लेकिन लालखदान में रेल हादसे के 7 मिनट लेट सूचना देने के कारण रेलवे स्टेशन में हूटर विलंब से बजा। इसके कारण जोन और डिवीजन के अफसरों को भी घटना की जानकारी देर से मिली, जिसकी वजह से घटनास्थल तक सहायता पहुंचने भी विलंब हुआ। इस तरह की घटना रेल प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है।

सीआरएस की प्रारंभिक रिपोर्ट में रेलवे के कामकाज से संबंधित अनेक खामियां उजागर हुई हैं रेल प्रशासन के नियमानुसार ट्रैक पर चलने वाली ट्रेन के बेपटरी होने, आग लगने व अन्य घटना होने के बाद तत्काल कंट्रोल को सूचना दी जाती है। इसके बाद कंट्रोलर की ओर से तत्काल सभी रेल अफसरों और संबंधित विभाग के स्टाफ को जानकारी देने के लिए हूटर बजाकर सूचना देने का नियम है। इस सूचना के आधार पर संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सहित एआरटी व अन्य विभागों की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर ▶▶| शेष पेज 7 पर

**सहायता पहुंचने में भी हुई देर**


हरिभूमि
अप्रशिक्षित हाथों में थमा दी थी मेमू की कमान, 12 यात्रियों की गई जान

### कैब में लगा कैमरा भी खराब

लालखदान हादसे में जिस मेमू ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर हुई, इसके बाद इंजन, ब्रेक यान और दो कोच पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसमें कैमरा भी लगा हुआ था, लेकिन वह महीनों से बंद पड़ा हुआ था। ट्रेन संख्या 68733 में टीसीएमएस यूएसबी आधारित ब्लैक बॉक्स मौजूद था, लेकिन डेटा 1024 बाइट्स की सीमा में होने और बफर फुल होने पर नियंत्रित शटडाउन न होने के कारण महत्वपूर्ण डेटा खो गया। इसकी वजह से रिकॉर्डिंग नहीं मिलने के कारण जांच भी अधूरी रह गई।

### आएगी फाइनल रिपोर्ट

प्रारंभिक रिपोर्ट गोपनीय रहती है। अब तक रेल सेफ्टी कमिश्नर की फाइनल रिपोर्ट नहीं पहुंची है। फाइनल रिपोर्ट जब तक नहीं आ जाती है, तब तक कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

-अनुराग कुमार सिंह
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

### अतिरिक्त खर्च हुए तीन करोड़

लालखदान रेल हादसे में कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू में सैकड़ों की संख्या में यात्री सफर कर रहे थे। हादसे में 12 से अधिक यात्रियों की मौत और 19 से अधिक यात्री घायल हुए। मृतकों को 10 लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल को 5 लाख के साथ चोटग्रस्त यात्रियों को 1 लाख रुपए देने की तत्काल घोषणा रेल मंत्रालय ने कर दी। घटना के बाद घायल हुए यात्रियों के उपचार के अलावा मृतकों को 10-10 लाख एवं गंभीर रूप से घायलों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा सहित करीब 3 करोड़ रुपए की राशि रेलवे की ओर से खर्च की गई।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### पिछले 18 महीनों में 136 हाथियों की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने विधानसभा को बताया कि अप्रैल 2024 से सितंबर 2025 के बीच बिजली का झटका लगने, रोगों, अवैध शिकार और दुर्घटनाओं सहित कई कारणों से 136 जंगली हाथियों की मौत हुई है। मंत्री ने कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि 42 हाथियों की मौत बिजली का झटका लगने से, 31 हाथियों की मौत बीमारी के कारण और चार हाथियों की मौत ट्रेन दुर्घटनाओं में हुई।

### अभिनेता प्रेम चोपड़ा हृदय रोग से पीड़ित



**नई दिल्ली।** अभिनेता शरमन जोशी ने बताया कि दिग्गज अभिनेता और उनके ससुर प्रेम चोपड़ा गंभीर 'एओर्टिक स्टेनोसिस' से पीड़ित हैं। उन्होंने सुचारू उपचार के लिए चिकित्सकों की प्रशंसा की। एओर्टिक स्टेनोसिस' हृदय वाल्व रोग का एक प्रकार है, जिसे 'वॉल्व्युलर' हृदय रोग भी कहा जाता है। 'एओर्टिक वाल्व स्टेनोसिस' में वाल्व संकरा हो जाता है।

**खम्हारडीह थाना क्षेत्र की घटना**

# पत्नी की हत्या कर युवक ने ट्रेन के सामने लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। एक युवक ने पहले अपनी पत्नी की घर में हत्या कर दी और फिर खुद भी ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की प्रारंभिक जांच में हत्या और आत्महत्या का कारण मृतक दंपति के बीच घरेलू विवाद बताया जा रहा है। हालांकि अभी मामले की तफ्तीश जारी है। घटना से संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि खम्हारडीह क्षेत्र के लाभांडी रेलवे लाइन पर एक युवक की लाश मिली। उसकी ट्रेन से कटकर ▶▶| शेष पेज 7 पर





### 5 साल पहले हुई थी लव मैरिज तलाक तक बात आ गई थी

इस घटना को लेकर मृतका रेखा के परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी और राजन ने 5 साल पहले लैव मैरिज की थी। शादी के बाद दोनों चंडीनगर में एक किराए के मकान में रहते थे। राजन वेल्डिंग का काम करता था। दोनों का एक लड़का भी है, जो ज्यादातर रेखा के पिता या नाना-नानी के घर रहता था। मृतका के परिजनों ने यह भी बताया कि बेटा होने के बाद राजन और रेखा दोनों के बीच पिछले कुछ माह से लगातार विवाद हुआ करता था। इसी विवाद के कारण दोनों तलाक लेने की बात करने लगे थे।

**आदिवासी नेता की संदेहास्पद मौत पर उबाल**

# आदिवासी नेता की जेल में मौत पर बंद रहा बस्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांकेर जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष जीवन ठाकुर की रायपुर जेल में संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत के विरोध में सर्व आदिवासी समाज द्वारा किए गए बस्तर बंद का आज शहर में व्यापक असर देखा गया। सुबह से ही समाज के युवा दलों ने बाइक रैली निकालकर शहर के प्रमुख बाजारों का भ्रमण किया। व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को स्वेच्छा से बंद कराने में सक्रिय रहे।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने समर्थन करते हुए सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक बाजार बंद ▶▶| शेष पेज 7 पर



### युवा बाइक रैली कर बंद कराने सड़क पर उतरे

*आदिवासी नेता जीवन ठाकुर की कथित जेल में हत्या के विरोध में सर्व आदिवासी समाज के लोग सड़क पर उतरे। बंद के दौरान बाजारों में ताले पड़े, युवा बाइक रैली निकालते हुए नारेबाजी करते रहे, पुलिस प्रशासन ने सभी जिलों में अलर्ट जारी किया। आवश्यक सेवाओं को खुला रखकर बंद* ▶▶| शेष पेज 7 पर

**बोले अमेरिकी राष्ट्रपति, भारत सस्ते दाम पर 'डंप' कर रहा है अपना चावल**

# भारत के चावल पर अमेरिका में उबाल, भारी टैरिफ की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आज (10 से 11 दिसंबर तक) से एक बार फिर से बातचीत का दौर शुरू होने वाला है। लेकिन उससे ठीक पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की देश के कृषि उत्पादों खासकर चावल पर नजरें तिरछी हो गई हैं और उन्होंने इस पर भारी टैरिफ लगाने की चेतावनी दे दी है। व्हाइट हाउस में बीते सोमवार को हुई एक बैठक में उन्होंने कहा कि मेरा यह कदम भारत द्वारा सस्ते दामों पर अपना चावल अमेरिका में बेचने यानी डंप करने के जवाब में उठाया जाएगा। हम नई दिल्ली को ऐसा नहीं करने देंगे। क्योंकि इससे हमारे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। विदेशी आयात ने उनकी हालत खस्ता कर दी है और हम किसी को ऐसा नहीं करने दे सकते हैं।

### चावल निर्यात के लिए तलाशे नए बाजार

गर्ग ने दावा किया कि अमेरिका से भारतीय चावल को लेकर मांग मजबूत और लचीली बनी हुई है। जबकि भारत की नए बाजारों तक पहुंच बनी हुई है। जिसमें फिलीपींस भी शामिल है। उसके बाजार में भारत की हिस्सेदारी 4 फीसदी है।



### मामले पर मिली किसानों की ढेरों शिकायतें

अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें इस मामले को लेकर देश के किसानों से कई शिकायतें मिल रही थीं। जिसमें उनका कहना था कि भारत, थाईलैंड और वियतनाम द्वारा अपना चावल अमेरिका में सस्ते दामों पर बेचा जा रहा है। जिससे उनके बाजार में दाम टूट रहे हैं और भारी नुकसान भी उठाना पड़ रहा है।

### किसानों का अहित नहीं होगा : मोदी

गौरतलब है कि भारत और अमेरिका के बीच बीटीए पर जारी बातचीत अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। अमेरिका बड़े पैमाने पर अपने कृषि और डेयरी उत्पादों को भारत में बेचने का इच्छुक है। जिसे लेकर भारत कतई तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह साफ कर चुके हैं कि भारत किसी भी सूरत में अपने किसानों और छोटे व मझौले उद्योगों (एमएसएमई) के हितों पर आंच नहीं आने देगा।

### यूं नुकसान में रहेगा अमेरिका

भारत के व्यापारियों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चावल निर्यात पर टैरिफ लगाने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए उन्हें चेताया है कि इससे उन पर नहीं बल्कि अमेरिका पर ही नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय चावल निर्यातक संघ के उपाध्यक्ष देव गर्ग ने कहा कि अमेरिका के बाजारों में किया जाने वाला भारत का तमाम निर्यात मांग पर आधारित है।

**सत्या नडेला की पीएम मोदी से मुलाकात**

# माइक्रोसॉफ्ट करेगा 17.5 अरब डॉलर का सबसे बड़ा निवेश



गुड न्यूज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

- एआई जल्द होगा मेक इन इंडिया, युवाओं के लिए खुलेंगे बम्पर रोजगार के द्वार

माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने मंगलवार शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में भारत की क्षमता को मजबूत करने के लिए कंपनी का अब तक का एशिया में सबसे बड़ा निवेश 17.5 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपए) करने की घोषणा की। नडेला ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के बाद कहा कि भारत एआई क्रांति के अग्रणी देशों में से एक बनने की क्षमता रखता है, ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दुनिया भारत की एआई क्षमता को लेकर आशावादी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्या नडेला से मुलाकात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, जहाँ तक एआई की बात है, दुनिया भारत को लेकर आशावादी है। सत्या नडेला के साथ बहुत उपयोगी चर्चा हुई। यह जानकर खुशी हुई कि माइक्रोसॉफ्ट एशिया में अपना सबसे बड़ा निवेश भारत में करने जा रहा है। देश का युवा वर्ग इस अवसर का पूरा लाभ उठाएगा और एआई की ताकत से दुनिया को एक बेहतर दिशा देगा।"

### मुलाकात का व्यापक प्रभाव

सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी और सत्या नडेला के बीच हुई मुलाकात में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, साइबर सुरक्षा, स्टार्टअप सहयोग और सरकार–उद्योग साझेदारी पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

### भारत में एआई के लिए नई संभावनाओं का द्वार

यह निवेश भारत में एआई-संबंधित कई प्रमुख क्षेत्रों को गति देगा। डाटा सेंटर और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार ही सकेगा।स्थानीय एआई मॉडल्स, भाषा-आधारित मॉडल और सॉवरेन एआई परियोजनाएँ रफ़्तार पकड़ेंगी। स्टूडेंट्स और युवा प्रोफेशनल्स के लिए स्किल-डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू होगा।उद्योगों, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, ऊर्जा में एआई के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। तकनीकी विश्लेषकों का कहना है कि यह निवेश भारत को वैश्विक स्तर पर एआई इनोवेशन हब बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बीएलओ को धमकाने के मामले संज्ञान में लाएं, लेंगे एक्शन

## राज्य सरकारों द्वारा एसआईआर में सहयोग न करने का उठा मुद्दा

## चुनाव आयोग से कहा, 'स्थिति से निपटें अन्यथा अराजकता फैल जाएगी'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बीएलओएस को धमकाने व एसआईआर कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले को गंभीरता से लिया। मंगलवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने चुनाव आयोग से वोटर लिस्ट के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग न करने को गंभीरता से लेने को कहा। आयोग से कहा गया कि सहयोग की कमी और बीएलओज को धमकाने के मामले उनके संज्ञान में लाएं, वह आदेश पारित करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ राज्य सरकारों द्वारा एसआईआर में सहयोग न करने पर चुनाव आयोग से कहा, 'स्थिति से निपटें अन्यथा अराजकता फैल जाएगी।'

सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो पुलिस को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। आयोग ने कहा कि उसके पास एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाए जाने के मामलों से निपटने के लिए सभी संवैधानिक शक्तियां हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी से कहा,'बीएलओ के काम में सहयोग की कमी और बाधाओं के मामले हमारे संज्ञान में लाएं, हम उचित आदेश पारित करेंगे।'

**हम उचित आदेश पारित करेंगे**



अधिवक्ता द्विवेदी ने कहा कि अगर स्थिति बिगड़ती है तो आयोग के पास राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आने वाली पुलिस को अपने अधीन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। जस्टिस बागची ने कहा कि आयोग चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। द्विवेदी ने कहा कि आयोग के पास बीएलओ और एसआईआर कार्य में जुटे अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से निपटने के लिए सभी संवैधानिक अधिकार हैं। जस्टिस कांत ने द्विवेदी से कहा, 'स्थिति से निपटें, नहीं तो अराजकता फैल जाएगी।' उन्होंने स्थिति को 'बेहद गंभीर' बताया।

**आयोग के पास हैं अधिकार**

### आत्महत्या का सवाल ही नहीं

द्विवेदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ द्वारा आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता क्योंकि उन्हें 30-35 मतदाताओं वाले छह-सात घरों की गणना का काम करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह बैठा-बिठाया काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गणना फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा, 'यह जितना दिखता है, उतना आसान नहीं है।'

## राजनीतिक दलों को निर्देश, 30 दिन के अंदर अपना संविधान जमा करें




चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय और मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय दलों से कहा है कि 30 दिनों के अंदर सभी संशोधनों के साथ अपने-अपने संविधान का अपडेटेड वर्जन उसके पास जमा करें। चुनाव आयोग ने यह निर्देश ऐसे समय में दिया है, जब सुप्रीम कोर्ट उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें राजनीतिक दलों के रजिस्ट्रेशन से लेकर उसके संचालन तक को लेकर वैधानिक नियमावली बनाने की मांग की गई है, ताकि इसमें पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

### राजनीतिक दल अपना संविधान जमा करें

राजनीतिक दलों को भेजी चिट्ठी में चुनाव आयोग ने कहा है कि जब जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 29ए के तहत एक राजनीतिक दल का रजिस्ट्रेशन होता है, तब उनकी ओर से रूल्स और रेगुलेशन को लेकर मेमोरेंडम भी जमा किया जाता है। चुनाव आयोग ने यह भी कहा है कि राजनीतिक दल का संविधान इन दस्तावेजों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसमें समय-समय पर पार्टी की ओर से अपनाई जाने वाली अंदरूनी प्रक्रिया जरूर दिखनी चाहिए।

## खबर संक्षेप

### फालतू पेपरवर्क खत्म करें : प्रधानमंत्री मोदी



**नई दिल्ली।** संसद की लाइब्रेरी बिल्डिंग में मंगलवार को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की संसदीय दल की बैठक हुई। बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री का माला पहनाकर सम्मान किया गया। पीएम ने बैठक में कहा, 'मैं फालतू पेपरवर्क और 30-40 पेज के फॉर्म का कल्चर खत्म करना चाहता हूं। हमें नागरिकों के दरवाजे पर सर्विस देनी होगी, बार-बार डेटा जमा करने की जरूरत को खत्म करना होगा।'

### 7 में से 1 भारतीय सीनियर सिटीजन



नई दिल्ली। भारत की आबादी तेजी से बूढ़ी हो रही है। 2011 में देश में 60 साल से ऊपर की आबादी 10.16 करोड़ थी, जो 2036 तक बढ़कर 22.74 करोड़ हो जाएगी। यानी बुजुर्गों की आबादी का हिस्सा कुल जनसंख्या में 8.4% से बढ़कर 14.9% हो जाएगा यानी हर 7 में 1 भारतीय सीनियर सिटीजन होगा। वहीं, 2036 तक अनुमानित जनसंख्या 153 करोड़ होगी। ये जानकारी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा में दी।

### गुजरात : 6 साल की बच्ची से निर्भया जैसी दरिंदगी

**राजकोट।** गुजरात में राजकोट जिले के अटकोट में निर्भया कांड जैसी घटना सामने आई है। आरोपी ने छह साल की बच्ची से बलात्कार की कोशिश की। नाकाम रहने पर उसने बच्ची के गुप्तांग में रॉड डाल दी। बच्ची को राजकोट के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी का नाम रामसिंह तेरसिंह है, वह मध्य प्रदेश के अलीराजपुर का रहने वाला है। 100 संदिग्धों से पूछताछ के बाद आरोपी की पहचान की गई है। पुलिस ने बताया कि दाहोद जिले का एक मजदूर परिवार अटकोट थाना अंतर्गत एक गांव के पास खेत में मजदूरी करता है। 4 दिसंबर को जब परिवार खेत में काम कर रहा था, तब उनकी छह साल, आठ महीने की बेटी वहीं खेल रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति बच्ची को उठाकर ले गया और उसके साथ दरिंदगी की।

## एनआईए का खुलासा, मट्टन जंगल क्षेत्र में ठिकानों की हुई निशानदेही

# लाल किला ब्लास्ट से पहले आतंकियों ने अनंतनाग के जंगल में की थी ट्रेनिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/श्रीनगर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम मंगलवार को दिल्ली में 10 नवंबर को लाल किला के पास हुए धमाके की जांच के तहत दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग पहुंची। अनंतनाग के मट्टन जंगल क्षेत्र में विशेष स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया। एनआईए के अधिकारी, पुलिस और सीआरपीएफ की मदद से, दो आरोपियों, डॉ. अदील राथर और जासिर बिलाल वानी को साथ लेकर गए थे। इन दोनों ही आतंकियों को कथित 'व्हाइट कॉलर' आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, दोनों आरोपियों ने जांचकर्ताओं को मट्टन जंगल क्षेत्र में कुछ ठिकानों के बारे में जानकारी दी थी। सूत्रों के अनुसार, जांच में पता चला है कि आतंकी साजिश के मुख्य आरोपी ने दिल्ली में बड़े धमाके की योजना के लिए इसी जंगल में विस्फोटक का एक ट्रायल किया था। सूत्रों ने यह भी खुलासा किया कि एनआईए को मौके से एक क्षतिग्रस्त गैस सिलेंडर बरामद हुआ है। जांच आगे जारी है। एनआईए ने मुख्य आरोपी डॉ. अदील और एक अन्य आरोपी को मट्टन के जंगलों में ले जाकर उस स्थान की पहचान कराई, जहां विस्फोटक का टेस्ट किया गया था।



### कई जगहों में छापेमारी

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरणकी एक टीम ने दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विस्फोट की जांच के तहत मंगलवार को जम्मू कश्मीर के अनंतनाग और कुलगाम जिलों में कई जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायता से एनआईए के अधिकारी उन दो आरोपियों डॉ. अदील राठेर और जसीर बिलाल वानी को साथ लेकर आए, जिन्हें 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। यह छापेमारी उन दो आरोपियों की निशानदेही पर की गई जिन्होंने जांचकर्ताओं को अनंतनाग के मट्टन वन क्षेत्र और कुलगाम के काजीगुंड क्षेत्र के वनपोरा में अपने ठिकानों के बारे में बताया था।

### ऑपरेशन सिंदूर में बर्बाद लॉन्चिंग पैड आतंकियों के लिए बन रहा प्राइवेट रिजॉर्ट




पाकिस्तान एक बार फिर आतंकियों को मजबूत करने का काम कर रहा है। जबकि कई बार आतंकी पाकिस्तान सेना पर भी हमला कर चुके हैं। लेकिन पाकिस्तान ने सबक नहीं लिया है। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पीओके में रावल कोट के ठींगला इलाके में आतंकियों का लॉन्चिंग पैड तबाह किया था। अब इसी लॉन्चिंग पैड को आतंकियों के लिए प्राइवेट रिजॉर्ट बनाया जा रहा है। 6 नवंबर बहावलपुर में लश्कर और जैश मोहम्मद की एक मीटिंग हुई थी। इसमें रावल कोट में लॉन्चिंग पैड को प्राइवेट रिजॉर्ट बनाना तय हुआ था। इस मीटिंग में लश्कर का डेप्युटी चीफ शैफुल्ला भी था। सूत्रों के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा हाई रेट वाले बिजनेस में धन लगा रहा है। यह समूह अब रियल एस्टेट और मॉल परियोजनाओं में सक्रिय है। बता दें कि लश्कर कमांडर एहसान उल्लाह मंजूर और मोबीन सादिक को इस्लामाबाद में एवेन्यू18 शॉपिंग मॉल के शिलान्यास समारोह में आमंत्रित किया गया था। उनकी उपस्थिति लश्कर के वरिष्ठ सदस्यों के सीधे समर्थन का संकेत देती है। दोनों व्यक्ति सैफुल्लाह कसूरी, हाफिज सईद और तल्हा सईद के साथ मिलकर काम करते हैं। इससे समूह का व्यावसायिक नेटवर्क चुस्त और नियंत्रित रहता है।

### एक और आरोपी गिरफ्तार

दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी आज सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। आरोपी नसीर मल्ला को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आरोपी को सात दिनों की एनआईए रिमांड में भेजा गया। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है।

## केवल 3 जिले वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित, सुरक्षा बलों ने 29 शीर्ष नक्सलियों को मारा



केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में दी जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को लोकसभा को बताया कि सुरक्षा बलों ने 2019 से अब तक 29 शीर्ष नक्सलियों को मार गिराया और अकेले इस साल माओवादियों की केंद्रीय समिति और पोलित ब्यूरो के 14 सदस्य मारे गए हैं।

सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि नक्सल प्रभावित राज्यों की संख्या 2014 के 10 से घटकर 2025 (अक्टूबर तक) पांच रह गई है, जो 50 प्रतिशत की कमी है। उन्होंने कहा कि वहीं, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों की संख्या में भी इस अवधि के दौरान 91 प्रतिशत की तीव्र गिरावट देखी गई और यह संख्या 126 से घटकर 11 रह गई। उन्होंने कहा कि वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या अप्रैल 2018 के 126 से घटकर अक्टूबर 2025 में मात्र 11 रह गई। मंत्री ने कहा कि अब केवल तीन जिले ही वामपंथी उग्रवाद से 'सबसे अधिक प्रभावित' हैं। मंत्री ने दावा किया कि वामपंथी उग्रवाद 'मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएगा।' माओवादी हिंसा में 2010 के उच्चतम स्तर से 2024 तक 81 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई है।

### केंद्र और राज्यों में टीबी-रोधी दवाओं की कोई कमी नहीं

केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि आवश्यक टीबी-रोधी दवाओं रिफैम्पिसिन और एथैम्बूटॉल की केंद्र और राज्य स्तरीय भंडारों में कोई कमी नहीं है। पटेल ने हाल के महीनों में तपेदिक रोधी प्रमुख दवाओं की कमी, केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग द्वारा निविदा को अंतिम रूप देने में विलंब के कारण और राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत दवाओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के उपायों से जुड़े प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

## नागरिकता मामले में सोनिया को बड़ा झटका, नोटिस जारी

**पहले से वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने का आरोप**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया को नागरिकता मामले में नोटिस जारी किया है। सोनिया पर नागरिकता लेने से पहले ही वोटर लिस्ट में नाम शामिल होने का आरोप है। मंगलवार को सोनिया का 79वां जन्मदिन भी है। इसी दिन उन्हें झटका मिला है। बता दें कि सोनिया पर आरोप है कि नागरिकता लेने पहले ही उनका नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो गया था।

विकास त्रिपाठी नामक व्यक्ति ने कोर्ट में याचिका दायर की थी कि साल 1980 की नई दिल्ली के संसदयी क्षेत्र में वोटर लिस्ट में कांग्रेस नेता सोनिया का नाम दर्ज था। जबकि तीन साल बाद



यानी 30 अप्रैल 1983 को सोनिया को भारत की नागरिकता मिली थी। यह नोटिस उस याचिका पर जारी किया गया है जिसमें मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती दी गई है, जिसमें भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले उनका नाम मतदाता सूची में कथित रूप से शामिल करने के लिए उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया गया था।

### कानून का उल्लंघन

याचिका में इसे कानून का उल्लंघन बताया गया था। यहां तक कि याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि वोटर लिस्ट से साल 1982 में सोनिया का नाम हटा दिया गया था। बाद में 1983 में सोनिया का नाम फिर वोटर लिस्ट में शामिल किया गया। याचिका में सवाल उठाया गया कि जब नागरिकता थी ही नहीं तो वोटर लिस्ट में नाम आखिर किस डाक्यूमेंट के प्रयोग से जुड़वाया गया। याचिका में इस बात की भी आशंका जताई गई कि हो सकता है कि वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए सोनिया ने जाली या फर्जी दस्तावेजों का सहारा लिया होगा।

## अब हमला हुआ तो हम भी कड़ा जवाब देंगे : मुनीर

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** पाकिस्तान के नए चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) बने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने सोमवार को अपना पद संभाल लिया। रावलपिंडी के जीएचक्यू में हुए कार्यक्रम में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अपने भाषण में उन्होंने कहा कि अगर भविष्य में पाकिस्तान पर कोई हमला होता है तो उसका जवाब पहले से भी ज्यादा तेज और कड़ा होगा। उन्होंने भारत को चेतावनी देते हुए कहा कि वे किसी गलतफहमी में न रहें। मुनीर ने कहा कि मॉर्डन युद्ध अब साइबरस्पेस, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, स्पेस, इन्फॉर्मेशन वॉर, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे नए क्षेत्रों तक बढ़ गया है। फोर्सेज को आधुनिक चुनौतियों के मुताबिक खुद को ढालना जरूरी है।

### इमारत की खिड़कियों से कूदे लोग

# इंडोनेशिया में 7 मंजिला ऑफिस में आग, 22 लोगों की मौत




एजेंसी ▸▸ जकार्ता

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में मंगलवार को एक सात मंजिला टेरा ड्रोन ऑफिस की बिल्डिंग में भीषण आग लगने से 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फायर ब्रिगेड अधिकारी बताया कि फिलहाल बिल्डिंग में आग लगने का कारण पता नहीं चला है। मामले की जांच की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई लोग इमारत की खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाने की कोशिश कर रहे थे, जिससे कुछ लोगों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हो गए। बचाव दल ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, जकार्ता फायर ब्रिगेड के प्रवक्ता ने बताया कि अब तक 20 शव बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई लोग अभी भी लापता हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।




### लंचटाइम पर बड़ा हादसा

सेंट्रल जकार्ता पुलिस के प्रमुख सुसात्यो पुर्नोमो कोंड्रो ने मीडिया को बताया कि आग बुझा दी गई है तथा इमारत के अंदर और अधिक संभावित पीड़ितों को खोजने के प्रयास जारी हैं। कोंड्रो ने बताया कि आग दोपहर के आसपास पहली मंजिल पर लगी और फिर ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। उन्होंने बताया कि उस वक्त कुछ कर्मचारी बिल्डिंग में लंच कर रहे थे, जबकि कुछ अन्य ऑफिस से बाहर जा चुके थे। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन स्थानीय अग्निशमन विभाग के अनुसार आग ऊपरी मंजिलों से शुरू हुई और तेजी से पूरे भवन में फैल गई। इमारत में उस समय सैकड़ों कर्मचारी मौजूद थे। कई लोग आग और धुएं के कारण फंस गए थे।

## हैदराबाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने तेलंगाना में अनोखी पहल

# ट्रंप, टाटा, गूगल माइक्रोसॉफ्ट के नाम पर होंगी सड़कें

### दिग्गज रतन टाटा को समर्पित करते हुए अभियान का आगाज

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

तेलंगाना सरकार ने हैदराबाद को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक अनोखा और चर्चित कदम उठाया है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि शहर की कुछ प्रमुख सड़कों के नाम दुनिया की मशहूर हस्तियों और शीर्ष वैश्विक कंपनियों के नाम पर रखे जाएंगे। इस पहल का उद्देश्य हैदराबाद की ग्लोबल ब्रांडिंग को मजबूती देना और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना है। सरकार ने इस अभियान की शुरुआत देश के दिग्गज उद्योगपति और पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा को समर्पित करते हुए की है। नेहरू आउटर रिंग रोड के पास राविरियाला से फ्यूचर सिटी को जोड़ने वाली 100 मीटर चौड़ी नई ग्रीनफील्ड रेडियल रोड का नाम 'रतन टाटा रोड' रखा जाएगा। इसके साथ ही, राविरियाला इंटरचेंज पहले ही 'टाटा इंटरचेंज' नाम पा चुका है, जो टाटा समूह के हैदराबाद में बढ़ते योगदान की पहचान है।




**टेक दिग्गजों के नाम पर भी होंगी सड़कें:** दिल्ली में आयोजित यूएसआईएसपीएफ बैठक के दौरान मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने संकेत दिया कि हैदराबाद की कुछ अन्य महत्वपूर्ण सड़कों का नाम विश्व की बड़ी टेक कंपनियों पर रखा जा सकता है। योजना के अनुसार गूगल स्ट्रीट, माइक्रोसॉफ्ट रोड और विपरो जंक्शन जैसे नाम जल्द ही शहर का हिस्सा बन सकते हैं।

**सरकार का तर्क :** तेलंगाना सरकार का कहना है कि विश्व स्तर पर बड़ा योगदान देने वाली हस्तियों और कंपनियों के नाम पर सड़कों का नामकरण करना उनके प्रति सम्मान का प्रतीक है। साथ ही, यह पहल हैदराबाद को एक अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्र बनाने में मदद करेगी और शहर में आने वाले निवेशकों के लिए सकारात्मक व प्रेरणादायक माहौल तैयार करेगी।

### डोनाल्ड ट्रम्प के नाम पर सड़क का नाम

इस पहल का सबसे चर्चित हिस्सा अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के सामने वाली मुख्य सड़क का नाम 'डोनाल्ड ट्रम्प एवेन्यू' रखने का प्रस्ताव है। यदि यह स्वीकृत हो गया, तो यह पहली बार होगा जब किसी भारतीय शहर में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नाम पर सड़क होगी। सरकार जल्द ही इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय विदेश मंत्रालय और अमेरिकी दूतावास को औपचारिक पत्र भेजने वाली है। मुख्यमंत्री का मानना है कि यह कदम अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों को और गहरा करेगा तथा हैदराबाद की अंतरराष्ट्रीय ब्रांड वैल्यू बढ़ाएगा।






# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रहा है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

## लाइफStyle

# सारा

## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं



अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

## हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।

# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुई भावुक



**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।

## टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कवीता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया। सुमोना ने सबसे पहले 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में कपिल के साथ काम किया था। इसके बाद, वह 'द कपिल शर्मा शो' में सरला गुलाटी के रोल में नजर आईं। सुमोना चक्रवर्ती की बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग, एक्सप्रेशंस और शो की पूरी टीम के साथ उनकी केमिस्ट्री ने उन्हें टीवी की सबसे पसंदीदा कॉमेडियन बना दिया।



# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं। अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है।



वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

## अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

## कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।



## इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

## सीरीज कैटेगरी में शामिल हुए ये नाम

एडोलसेंस, ऑल हर फॉल्ट, द बीस्ट इन मी, ब्लैक मिरर, द गर्लफ्रेंड, द डिप्लोमैट, द पिट, प्लुरिब, सेवरेंस, स्लो हॉर्सेस, द व्हाइट लोटस, एबॉट एलिमेंट्री, द बेयर, हैक्स, नोबडी वॉन्ट्स दिस, ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग और द स्टूडियो जैसी सीरीज अलग-अलग जॉनर केटेगरी में चुनी गई हैं। देखना होगा कि कौन अपने नाम ग्लोडन ग्लोब अवॉर्ड कर पाता है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

***नई दिल्ली।** 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।









**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसे आप डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

## चिंतन

# अब चावल के बहाने नए टैरिफ की तैयारी में ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब चावल के बहाने भारत पर नया टैरिफ थोपने की तैयारी में हैं। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि कितना टैरिफ लगाया जा सकता है। उनके इस कदम से लगता है कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे से बौखलाए हुए हैं। इसलिए उन्होंने भारत पर फिर नया टैरिफ लगाने की बात कर दी। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान 12 बिलियन डॉलर की फार्म सब्सिडी की घोषणा करते हुए कहा कि वे भारत, वियतनाम और थाईलैंड जैसे देशों से 'डंपिंग' की जा रही चावल की समस्या का समाधान करने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा कनाडा से आने वाली खाद पर भी अमेरिका एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है। इसके पीछे लॉजिक दिया जा रहा है कि वे अपने किसानों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। ट्रंप अगर भारतीय चावल पर टैरिफ लगाते हैं तो इससे चावल अमेरिका भेजना मुश्किल होगा। ऐसे में किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। भारत के लिए ट्रंप की यह चेतावनी उस समय पर आई है, जब नई दिल्ली व वाशिंगटन के साथ एक बड़े व्यापार समझौते की कोशिश में है। हालांकि अभी तक इसमें कोई खास सफलता नहीं मिल पाई है। अमेरिका ने अगस्त में व्यापार बाधाओं और रूस से तेल खरीदने के कारण भारतीय सामानों पर 50% टैरिफ लगाया था। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के इस बयान की विशेषज्ञों ने कड़ी आलोचना की है। उनका कहना है कि टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यात पर बहुत असर नहीं पड़ेगा, उल्टे अमेरिकी उपभोक्ताओं पर बोझ बढ़ जाएगा, क्योंकि अमेरिका में भारतीय चावल की मांग पूरी तरह उपभोक्ता की पसंद से तय होती है। विशेषज्ञों ने यह भी कहा है कि यह ट्रंप सरकार की कोई नीति नहीं है, बल्कि उनकी धमकी राजनीति का हिस्सा है। यह कोई नई बात नहीं है। अमेरिका पहले भी ऐसा करता आया है। अमेरिका भारत पर कोई एहसान नहीं कर रहा। मांग खुद बाजार से पैदा होती है। अगर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो नुकसान अमेरिका को ज्यादा होगा, भारत को नहीं। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यह बयान चुनाव से पहले अमेरिकी किसानों को लुभाने की रणनीति है। थिंक टैंक ने कहा, यह धमकी पॉलिटिक्स है, पॉलिसी नहीं। जीटीआरआई ने कहा कि अगर अमेरिका ने टैरिफ को बढ़ाया भी, तो उसका भारतीय निर्यात पर सीमित ही असर होगा, क्योंकि भारत के चावल की मांग वैश्विक स्तर पर मजबूत है, खासकर अमेरिका में। बढ़े हुए दामों का असर अमेरिकी उपभोक्ताओं पर पड़ेगा, क्योंकि वे भारतीय बासमती और प्रीमियम चावल पर निर्भर हैं। इसलिए भारत को अमेरिका की इस धमकी से घबराने की जरूरत नहीं है। बता दें कि भारत दुनिया का सबसे ज़्यादा चावल उत्पादक और नंबर वन निर्यातक देश भी है। भारतीय चावल निर्यातक संघ के मुताबिक़ भारत सालाना 15 करोड़ मीट्रिक टन चावल का उत्पादन करता है जो दुनिया भर के चावल उत्पादन का 28 प्रतिशत है। 2024-25 में भारत दुनिया भर में सबसे ज़्यादा चावल निर्यात करने वाला देश रहा। इस दौरान दुनिया भर के कुल चावल निर्यात का 30.3 प्रतिशत हिस्सा भारत का रहा। चावल उत्पादन के मामले में दूसरे नंबर पर चीन है। उसका सालाना चावल उत्पादन क़रीब 14 करोड़ मीट्रिक टन है। इस सूची में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, वियतनाम, थाईलैंड और पाकिस्तान का नाम भी शामिल है। भारत में बासमती, सबसे ज़्यादा निर्यात की जाने वाली चावल की किस्मों में से एक है। अमेरिका में भारत के चावल की मांग तेजी से बढ़ी है। आईआरईएफ के आंकड़ों के मुताबिक 2024–2025 में भारत ने अमेरिका को 274,213.14 मीट्रिक टन बासमती चावल निर्यात किया, जिसकी कुल कीमत 337.10 मिलियन डॉलर रही। अमेरिका भारत के बासमती चावल का चौथा सबसे बड़ा बाजार है। वहीं, इसी दौरान 54.64 मिलियन डॉलर मूल्य के 61,341.54 मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल अमेरिका को भेजे गए, जो इस श्रेणी में 24वां सबसे बड़ा बाजार है।

## चिंता

डॉ. मोनिका शर्मा



# जीवन पर भारी स्त्री सम्मान की रक्षा

महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी या दुर्व्यवहार को लेकर आवाज़ उठाने के कारण अपने ही नहीं सज्जनता दिखाने वाले अपरिचित भी जान गंवा रहे हैं। जिस समाज में राह चलते किसी बहू बेटी के साथ बदसलूकी करने पर मुखर विरोध दर्ज कराने का चलन रहा है, वहां, भाई, पिता, पति से लेकर किसी अनजान व्यक्ति तक के लिए भी कुत्सित प्रवृत्ति के लोगों को रोकना-टोकना मुश्किल हो गया है। हाल ही में हरियाणा के भिवानी में एक वैवाहिक समारोह में हुई कहासुनी के चलते राष्ट्रीय स्तर के पैरा पावरलिफ्टर रोहित धनखड़ की जान ले ली गई। जूनियर और सीनियर पैरा नेशनल मेडल जीत चुके इस युवा चेहरे के जीवन पर शादी कार्यक्रम के दौरान लड़कियों से छेड़खानी का विरोध करना भारी पड़ा। वस्तुतः, ऐसा हर वाकया समग्र समाज के लिए चिंतनीय है। हर परिवार के लिए पीड़ादाई है। सवाल यह है कि आखिर आसामाजिक तत्वों का यह जानलेवा दुस्साहस कैसे बढ़ रहा है? क्या समाज, परिवार या परिवेश में दिखते नकारात्मक बर्ताव को चुपचाप बर्दाश्त का लेने का ही रास्ता बचा है? वैवाहिक समारोह तो मेलजोल का अवसर होते हैं। सामाजिक जुड़ाव को बल देने वाले आयोजन माने जाते हैं। संस्कार और मानवीय मूल्यों को पोसने का अवसर होते हैं। ऐसे में शादी समारोह में लड़कियों के साथ बेहूदगी करने पर टोकने को लेकर हुई बहस भर से एक युवा को पीट-पीटकर बेरहमी से मार डालने की घटना वाकई दुर्भाग्यपूर्ण है। युवाओं के व्यवहार में जगह बनाती विकृति समझ और बर्बर बर्ताव की भी बानगी है। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से कानूनी लचरता के चलते कुछ भी करके बच निकलने के भरोसे का उदाहरण तो है ही।

विडम्बना यह भी है कि ऐसी घटनाओं में देश के किसी संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक का जीवन छिन जाता है। इन्हीं दिनों बागपत में एक छात्रा के साथ हुई छेड़छाड़ का विरोध जताने और बेटी का बचाव करने वाले पिता को बेरहमी से पीटा गया है। सोनभद्र में हुई एक घटना में पत्नी पर अश्लील टिप्पणी करने का विरोध करने वाले पति को बेरहमी से पीटा गया। सहारनपुर पत्नी के साथ हुई छेड़छाड़ से आहत होकर पति ने आत्महत्या कर ली। बाजार, सड़क, आस-पड़ोस और सामाजिक-पारिवारिक आयोजनों तक में देश एक हर हिस्से से ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं। बावजूद इसके इन घटनाओं की शिकायत को भी गंभीरता से नहीं लिया जाता। ऐसे अधिकतर मामलों में किसी युवती के जान दे देने या बचाव में आए व्यक्ति के साथ अपराध होने के बाद कोई कार्रवाई की जाती है। दुःखद यह है कि इस कुत्सित और क्रूर प्रवृत्ति के लिए कठोर दंड ना मिलने से दूसरे लोगों का भी दुस्साहस बढ़ता है। यहां तक कि ऐसे आपराधिक तत्वों को लेकर अगर किसी जागरूक परिवार द्वारा शिकायत दर्ज करवा दी जाय तो भी असुरक्षा और जानलेवा हमले ही परिवारजनों के हिस्से आते हैं। इतना ही नहीं छेड़खानी से तंग आकर हर साल कितनी ही लड़कियां आत्महत्या तक कर लेती हैं। हाल ही में विदिशा में एक किशोरी ने छेड़छाड़ से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बरेली में सोलह वर्षीय लड़की ने छेड़खानी से परेशान से तंग आकार जान दे दी। सवाल यह है कि क्या इस बेहूदगी का विरोध ना किया जाए? अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाले इस दुर्व्यवहार को बेटियां और उनके परिवार चुपचाप सहते रहें? लेकिन ऐसा कब तक इस दुर्व्यवहार को देख-सुनकर मानवीय भाव समझने वाला कोई अपरिचित भी मूक बना रहे? आज भी हमारे परिवेश में स्त्री सम्मान को लेकर सब कुछ सहो, कुछ ना कहो की दुर्भाग्यपूर्ण स्थितियां बनी हुई हैं। छेड़खानी हो या कोई बर्बर अपराध, अपने-पराए या स्वयं महिलाएं भी अपना मान बचाने के लिए हिम्मत दिखाएँ तो जीवन ही छीन लिया जाता है। फिर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति तो और चिंतनीय है। ऐसे वाकये पारिवारिक मोर्चे पर रीत रहे समझ-संस्कार की कटु हकीकत भी सामने रखने वाले हैं। समाज-परिवार में यह प्रश्न उठना लाजिमी है कि ऐसे बेटे और पुरुष किन घरों से आते हैं, जो इतनी हिमाकत करते हैं? कानूनी मोर्चे पर भी देर-सवेर आरोपियों को राहत मिल जाना भी समाज का मनोबल तोड़ता है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# बदलते बस्तर में विरासत को भी होगा सहेजना




विचार

डॉ. संजय शुक्ला

बीते चार दशकों से लाल आतंक का गढ़ समझे जाने वाला बस्तर अब माओवादी हिंसा से मुक्ति के कगार पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद के खात्मे की मियाद तय करते ही सुरक्षाबलों ने माओवादियों के खिलाफ ताबड़तोड़ अभियान चला रखा है जिसके अब आशाजनक परिणाम सामने आने लगे हैं। देश के नक्सल प्रभावित राज्यों की सूची में शीर्ष छत्तीसगढ़ में माओवादी हिंसा से निबटना हर सरकार के लिए बड़ी चुनौती रही है। साल 2023 में विष्णुदेव साय की सरकार बनने और 2024 में मोदी 3.0 सरकार के गठन के बाद डबल इंजिन सरकार ने छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन की दिशा में दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित की। आंकड़ों के मुताबिक बीते तेरह महीनों के दौरान जहां 477 नक्सली मारे गए तथा 1785 गिरफ्तार किए गए हैं वहीं 2100 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। नक्सली उन्मूलन में जुटे सुरक्षा बलों को सबसे बड़ी कामयाबी दुर्दांत माड़वी हिड़मा और बसवराजू जैसे टॉप नक्सली लीडर को मारे जाने से मिली है। एंटी नक्सल ऑपरेशन से जुड़े शीर्ष अधिकारियों की मानें तो बस्तर में अब महज 100-150 हथियार बंद माओवादी बचे हैं जिनका सफाया नजदीक है।

इधर लाल आतंक का दंश झेल रहे बस्तर में लौटती शांति और बदलाव के बीच टीवी न्यूज चैनलों से लेकर सोशल मीडिया पर राजनीतिक दलों से लेकर बौद्धिक वर्ग और नागरिक समुदायों के मध्य बहस-मुबाहिसों का दौर जारी है। देश में एक वर्ग ऐसा भी है जो मानवाधिकार और बस्तर के जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के आड़ में माओवादियों का हिमायती है। दरअसल यह वह विचारधारा है जो सुरक्षाबलों के हाथों नक्सलियों के मारे जाने पर इसे फर्जी मुठभेड़ बताते हुए अपनी छाती पीटने लगते है लेकिन नक्सलियों के बारूदों से सुरक्षाबलों के चिथड़े उड़ने और बेकसूर आदिवासियों के सरेआम गला रेतने पर चुप्पी साध लेते है। सोशल मीडिया किसी दुर्दांत अपराधी को कैसे महिमा मंडित कर सकता है? इसकी बानगी खूंखार माओवादी माड़वी हिड़मा है जिस पर 26 से भी ज्यादा सशस्त्र हमलों में सौ से भी ज्यादा सुरक्षाबलों, राजनेताओं और निरीह आदिवासियों के हत्या का आरोप था। आतंक, दहशत और मौत के पर्याय 1 करोड़ 80 लाख के इनामी नक्सली हिड़मा के मारे जाने पर सोशल मीडिया में उसे 'शहीद' बताने और उसकी तुलना अमर शहीद बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, सरदार भगतसिंह और सुखदेव जैसे क्रांतिकारियों से करने की होड़ मची हुई थी। इधर दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदूषण के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान चंद युवाओं द्वारा हिड़मा अमर रहे का नारा लगाते और नक्सलियों के कथित जनताना सरकार के तारीफों के कसीदे पढ़ते देखे गए जो इन युवाओं के भटकाव को इंगित करता है। अलबत्ता जब बुद्धि पर भावना हावी होती है तभी लोगों को खूंखार आतंकी अफजल और हिड़मा में नायकत्व दिखाई देता है जबकि ऐसे लोग समाज के लिए नासूर हैं।



ऐसा नहीं है कि सरकारों ने आदिवासी इलाकों के विकास और आदिवासियों के कल्याण के लिए कोई जतन नहीं किया लेकिन इसमें सबसे बड़े रोड़ा नक्सली ही बने हुए थे। बहरहाल केंद्र और राज्य के वर्तमान सरकारों ने इस हालात को महसूस करते हुए माओवादियों के आत्मसमर्पण और पुनर्वास के लिए साकारात्मक कदम उठाया। दूसरी ओर राज्य सरकार ने बस्तर के समग्र विकास और आम आदिवासियों का भरोसा जीतने के लिए 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजना भी लागू की। दूसरी ओर नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में जहां सुरक्षा व्यवस्था और इंटेलिजेंस को मजबूत किया गया वहीं इन इलाकों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के प्रति भरोसा जगाने के लिए चुनावों के दौरान व्यापक इंतजाम किए गए। सरकार के इन प्रयासों का ही प्रतिफल है कि इस इलाके में 'थ्री- डी' यानि डेवलपमेंट, डेमोक्रेसी और डिफेंस ने माओवादियों को घूंटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया है।

गौरतलब है कि माओवादी हिंसा का शिकार सभी राजनीतिक दलों के नेता और कार्यकर्ता हुए हैं लेकिन कुछ विपक्षी नेता, पत्रकार और एक्टिविस्ट केंद्र सरकार पर लगातार आरोप लगा रहे हैं कि नक्सलवाद के खात्मे के आड़ में सरकार की असल मंशा इन क्षेत्रों के बेशकीमती खनिज और प्राकृतिक संसाधनों को कार्पोरेट घरानों को सौंपना है। सियासी दलों और एक्टिविस्टों के इस नरेटिव ने ही आदिवासियों की नयी पीढ़ी में उनके विरासत और जमीन के लिए बेचैनी बढ़ा दी है। युवाओं में पनप रहे इस बेचैनी का फायदा माओवादियों के प्रति सहानुभूति रखने वाली विचारधारा उठा रही है। नक्सलियों के प्रति सहानुभूति का असर सोशल मीडिया पर भी दिखाई दिया युवा यूजर्स जो अधिकांश आदिवासी समुदाय के थे हैशटैग 'लाल सलाम हिड़मा' मुहिम चला रहे थे। ये युवा अमर शहीद बिरसा मुंडा के 'उलगुलान' नारों के साथ हिड़मा को बस्तर के जल, जंगल और जमीन का असली संरक्षक बताते हुए सवाल उठा रहे थे कि अब बस्तर की प्रकृति की रक्षा कौन करेगा? युवा ही किसी देश और समाज के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव के ध्वजवाहक होते हैं लिहाजा सरकार और समाज को इन युवाओं के मन में उठ रहे सवालों और जिज्ञासाओं का समाधान करना होगा। यह भी सच है कि अफजल और हिड़मा जैसे दुर्दांत अपराधी युवाओं के रोल मॉडल नहीं बन सकते।


बहरहाल बस्तर में हो रहे बदलाव में आदिवासियों को भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी होगी। यह ध्रुव सत्य है कि विकास की मुख्यधारा से अछूते आदिवासियों के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिये मजबूत अधोसंरचना, बिजली और संचार सुविधाओं की उपलब्धता आवश्यक है। दशकों से विकास की बाट जोह रहे आदिवासी समुदाय का विकास तभी संभव है जब समाज के अंतिम व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, भोजन, पेयजल, आवास और अधोसंरचना की उपलब्धता सुनिश्चित हो।बस्तर जैसे दुर्गम और सघन वनांचल में अधोसंरचना विकास के लिए जंगलों और पहाड़ों को काटने और नदी-नालों को बांधने की दरकार होगी लिहाजा स्थानीय लोगों को इसके लिए सहमत भी होना होगा। बेशक आज के दौर में रोजगार के लिए उद्योग की जरूरत है लेकिन बस्तर में औद्योगिकीकरण के लिए सरकार के नीति नियंताओं को प्रकृति और आदिवासी संस्कृति तथा परंपराओं को विमर्श में लाना होगा।

देश में नक्सली समस्या का स्थायी समाधान और बस्तर में शांति के लिए आदिवासियों के साथ निरंतर संवाद के साथ उन्हें विकास में सहभागी बनाना आवश्यक है। इसमें दोराय नहीं कि सरकारों ने आदिवासियों के कल्याण के लिए सैकड़ों योजनाएं और कानून लागू किए हैं बावजूद वे आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर हैं जिसके लिए नक्सलियों के साथ आदिवासी समाज में व्याप्त अशिक्षा, गरीबी और अंधविश्वास जैसे अनेक कारण जिम्मेदार हैं। आदिवासी विकास के विरोधी नहीं हैं बल्कि वे ऐसा विकास चाहते हैं जिसमें उनकी सदियों पुरानी साझा विरासत जल, जंगल, जमीन और लोक-संस्कृति और परंपरा का अस्तित्व सुरक्षित रहे। बस्तर में लौटती शांति के बीच अब यह उम्मीद भी जगी है कि अब यहां गोलियों की तड़तड़ाहट और बमों के धमाकों की जगह यहां की सुरम्य वादियों में मांदर की थाप और मंजीरे की झनकार के साथ कर्मा, गौर, पंडुम, मांदरी, हुल्की और ककसार का थिरकन सुनाई देगा। मांस की लोथड़े की गंध की जगह साल, सरई, सागौन, महुआ, सल्फी, तेंदू की मादक सुगंध बस्तर की हवा में शांति की मादकता घोलेगी।

माओवादी हिंसा की अभिशाप से मुक्त हो रहे बदलते बस्तर की बात करें तो यहां पर्यटन उद्योग की आपार संभावनाएं हैं। बस्तर में अनेक बेहतरीन स्पॉट हैं जो सिनेमा उद्योग को आकर्षित कर सकते हैं इसके अलावा यहां के लौह, काष्ठ- बांस और मिट्टी शिल्प के क्षेत्र में उद्योग और व्यापार की अपार संभावनाएं हैं नीति नियंताओं को बस्तर की भौगोलिक संरचना और आदिवासी संस्कृति और विरासत के मद्देनजर यहां 'ईको फ्रेंडली' उद्योग की स्थापना की दिशा में अनुकूल वातावरण तैयार करना होगा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिले और उनका कौशल उन्नयन हो।

गौरतलब है कि विभिन्न आदिवासी संगठनों सहित आदिवासी नेताओं की लंबे समय से यह मांग रही है कि छत्तीसगढ़ में पेसा कानून लागू किया जाए। राज्य में साल 2022 से यह कानून लागू किया गया है पर इस कानून के अमल में निष्पक्षता और पारदर्शिता पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। दरअसल भारत के संविधान में अनुसूचित जनजातियों को स्वायत्तता प्रदान करने के लिए पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून का प्रावधान किया है जिसके तहत राज्यपालों को विशेष शक्तियां प्राप्त है। हालांकि वर्तमान सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य में पेसा कानून के अमल पर सख्ती बरती जाएगी। बहरहाल बस्तर में लौटती शांति के बीच यह जरूरी है कि इस इलाके में आदिवासी विरासत को सहेज कर ही विकास का खाका खींचा जाए आखिरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार का भी ध्येय 'विरासत और विकास' है।

## आत्मबल के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाए



संकलित

दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

## महिमा राम नाम की



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्त था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ़्रीजर रूम में खट खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आशा की किरण है यह बिल

सांसद सुप्रिया सुले द्वारा लोकसभा में पेश किया गया राइट टू डिसकनेक्ट बिल 2025 देश के करोड़ों कर्मचारियों के लिए आशा की किरण लेकर आया है। यह बिल कहता है कि ऑफिस समय के बाद कोई भी कर्मचारी अपने बॉस, मैनेजर या संस्थान के कॉल, ईमेल, मैसेज या किसी डिजिटल निर्देश का जवाब देने के लिए बाध्य नहीं होगा। यदि यह कानून बनता है, तो भारत की कार्य–संस्कृति में एक ऐतिहासिक परिवर्तन संभव है। लेकिन इसका विरोध, इसकी चुनौतियां, इसका व्यावहारिक पक्ष और इसका सामाजिक प्रभाव– ये सभी उतने ही महत्वपूर्ण सवाल हैं, जिनका विश्लेषण करना ज़रूरी है। आज यह एक प्रशासनिक या तकनीकी मुद्दा मात्र नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संकट से जुड़ा विषय है।

*–मनोज जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जल्द सार्थक परिणाम आएंगे



सरकार अमेरिका के टैरिफ उपायों के भारतीय निर्यात पर असर को कम करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई जा रही है। जल्द इसके सार्थक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे। **-जितिन प्रसाद, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री**

### हमारे पास अधिकार नहीं




क्या हम कोई क्षेत्र छोड़ने पर विचार कर रहे हैं? क़ानून के अनुसार, हमारे पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है। यूक्रेन के क़ानून, हमारे संविधान, अंतरराष्ट्रीय क़ानून और, सच कहूं तो, हमारे पास नैतिक अधिकार भी नहीं है।' **-वोलोदिमीर जेलेंस्की, राष्ट्रपति यूक्रेन**

### 23 अरब डॉलर का निवेश



माइक्रोसाफ्ट एआई में भारत में 23 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह माइक्रोसाफ्ट द्वारा इस साल की शुरुआत में घोषित तीन अरब डॉलर के निवेश पर आधारित है। इससे कंपनी को भारत में सबसे बड़ी क्लाउड मौजूदगी मिलेगी, जिसमें पहला डेटा सेंटर 2026 के मध्य में चालू हो जाएगा। **-सत्या नडेला, सीईओ, माइक्रोसाफ्ट**

### विकास पथ तैयार करना होगा



21वीं सदी में भारत की संप्रभुता, प्राकृतिक संसाधनों एवं ऊर्जा प्रणालियों पर उसके नियंत्रण पर निर्भर करेगी। भारत को एक ऐसे विश्व में, जहां राष्ट्रीय आत्म-संरक्षण और वैश्विक गठबंधनों में दरार बढ़ती जा रही है, अपना विकास पथ स्वयं तैयार करना होगा।' **-गौतम अदाणी, चेयरमैन, अदाणी समूह**

## करंट अफेयर

# हम 'क्वाड' के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है : रुबियो



अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि अमेरिका 'क्वाड' के प्रति 'पूरी तरह प्रतिबद्ध'' है तथा आने वाले वर्षों में इस समूह को और मजबूत करेगा। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया का एक समूह है। रुबियो ने सोमवार को कहा, 'हम क्वाड के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। आने वाले समय में जापान और भारत के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने के लिए और काम करेंगे...।' ऑस्ट्रेलिया– अमेरिका मंत्रिस्तरीय वार्ताओं से पहले उन्होंने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स तथा ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग की मौजूदगी में विदेश मंत्रालय में संयुक्त बयान देते हुए यह बात कही। रुबियो के अनुसार, इस साल जनवरी में विदेश मंत्री के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक उनकी पहली आधिकारिक बैठक थी। उन्होंने कहा, 'मेरे नाम पर मुहर लगी, मैंने नीचे शपथ ली और सीधे इसी लिफ्ट से ऊपर आकर इस कमरे में पहुंचा। विदेश मंत्री के रूप में मेरा पहला कार्यक्रम यहीं इसी कमरे में क्वाड के साथ हुआ था।' रुबियो ने कहा, जहां तक मुझे याद है, इस साल हमारी कम से कम तीन बैठकें हुई हैं।

## ऑफ बीट

# महासागर पहले कभी हरे रंग के हुआ करते थे



महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन 'नेचर पत्रिका' में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से 'बैंडेड आयरन' संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के 'चट्टानी जमाव' के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। 'बैंडेड आयरन' संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिये महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# जुन्ना बेरा ले रखे गे हावय हटरी बजार के नाव

ऐतिहासिक
डा. रमेंद्रनाथ मिश्र

रायपुर सहर म बजार के बड़ महत्तम रहीस हे, इन्हा तक के उनकर नाव ले पारा तको बने हावय। जइसे गोल बजार, सदर बजार, सक्ती बजार, आमा पारा बजार, मोहबा बजार, एकर संग बजार ले घलो नानकुन तेला हटरी कहय। जइसे टुरी हटरी, पुरानी बस्ती। सियान मन बताथे कि पहली राजा मन के जमाना म लाज के मारे बड़े नोनी मन बजार कम जावय त वोमन अपन घर के नान नान लईका मन ल साग भाजी पसरा ले के उन्हा बेचे बर बइठारे। फेर बाद में उन्हा मनियारी समान घलो बेचे लगिन।



तेकरे सेती टुरी हटरी नाव परिस। इन्हा रोजमर्रा के समान अउ साग भाजी मिल जात रिहिस। ए बात कतका जुन्ना हे तेला जानना हे त ये मेर के बर पीपर अउ मंदिर ल देख के समझे जा सकत हे। लगभग 600 बछर पहली के बस्ती के बसाहट हे। ओमन हटरी के जगा ल छोड़े हे चाहतीन त मकान बना सकत रिहिन। आजकल टुरी हटरी के जुन्ना बइठका के जगा ल नवा बना दे गेहे अउ जुन्ना हनुमान के मंदिर घलो हावय। इही कर जुन्ना जगन्नाथ मंदिर घलव हे। ए सबले पता चलथे जुन्ना सहर के कतका महत्ता रिहिसे हे। आजकल अब सब नंदागे, मोर रयपुर म समागे।

जनजाति विशेष
एम. एस. पैकरा

## कंवर जनजाति में घरजियां परंपरा



घरजियां का आशय घर जमाई से है। घरजिया शब्द सरगुजा जशपुर क्षेत्र में कहा जाता है। इसमें जब किसी लड़के द्वारा किसी लड़की के पिता के घर में लड़की के साथ वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित करने के आश्वासन पर लड़का, लड़की के घर में रहता है। वहां घर का कृषि अथवा अन्य कार्य करता है और जीवन पर्यंत वहीं रहता है, ऐसी परिस्थिति में लड़के को घरजियां कहते हैं। लड़का एक तरह से अपने पिता का घर त्याग देता है, लेकिन माता पिता के साथ पारिवारिक संबंध बना रहता है। संपत्ति एवं अन्य मामलों में विवाद की स्थिति निर्मित होने पर समाज में नियम बने हैं, उस नियम के आधार पर विवादों का निराकरण किया जाता है। यदि निर्णय से असंतुष्ट हो तो न्यायालय जाने के लिए भी स्वतंत्र रहते हैं। वैसे शिक्षा के प्रचार प्रसार के कारण लोगों में जागृति और जागरूकता आई है। लड़की और लड़का में भेद बहुत कम होने से यह प्रथा का चलन बहुत कम होकर बंद होने की अवस्था में है।

पुरातात्विक
डा. टी आर रामटेके

# छत्तीसगढ़ में प्राचीन कालीन किले और उनका साक्ष्य



छत्तीसगढ़ में 150 से भी अधिक किले हैं, जिसमें कोसल, मल्हार, अडभार आदि मौर्यकालीन किले हैं। इसी प्रकार गढ़सिवनी, रामगढ़, खालगढ़, लाफागढ, सिंघनगढ़ आदि कल्चुरीकालीन किले हैं। इसी तरह रत्नपुर, कोटगढ, रामगढ़, मोहंदीगढ़, टैंगनागढ़, धमधागढ़ आदि कल्चुरीकालीन किले के अंतर्गत आते हैं। किन्तु 14 वीं शताब्दी में जब कल्चुरी शासक सिंघन ने अपने राज्य को शिवनाथ नदी के उत्तर व दक्षिण में 18-18 गढ़ के रूप में परिभाषित कर दिया था।

कल्चुरी काल के समकालीन कांकेर में सोमवंश चक्रकोट में छिन्दक नागवंश, कवर्धा में फनी नागवंश का राज्य था, जो कल्चुरी शासक के अधीनस्थ या मैत्री संधि के अंतर्गत राज्य थे। रत्नपुर के शासक 1375- 1400 तथा रायपुर के शासक के राज्यकाल के पश्चात कल्चुरी राज्य छत्तीसगढ़ शब्द सामान्य जनता से आगे राज्य कर्मचारी, दरबारी, सैनिक एवं सामंत शासकों शासकों में भी प्रचलित हो गया था। इस प्रकार खैरागढ़ राज्य के राजकवि दलपत राव की कविता में छत्तीसगढ़ शब्द प्रयुक्त हुआ है। पश्चातवर्ती काल में कल्चुरी राज्य का नामकरण ही छत्तीसगढ़ हो गया था। इस प्रकार



उपरोक्त ऐतिहासिक प्रमाणों से सिद्ध हो जाता है कि ई. 14 वीं शताब्दी के कल्चुरीकालीन छत्तीस किले की राज सत्ता द्वारा सीमांकित क्षेत्र ही वर्तमान छत्तीसगढ़ है।

लोक साहित्य
डा. यशेश्वरी ध्रुव

## लोक कला विषयक छत्तीसगढ़ी कहानियां




नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी से लोक वाद्य और लोक संगीत सीख लेती है। बच्चे भी अपने से बड़े बच्चों के खेलकूद सीखकर उससे संबद्ध लोकगीत को व्यवहार में लाना शुरू कर देते हैं। छत्तीसगढ़ी लोक जीवन लोक कला के इन्हीं स्वरूपों से मनुष्य को सुरुचि व संस्कारित करता है। यही कारण है कि संघर्ष के क्षणों में अधिकतर अभावग्रस्त यह लोग मार्ग ढूंढ लेते हैं और गा बजा कर, खेलकूद और नाच कर समग्र समस्याओं को शिथिल करने का प्रयास करते हैं। छत्तीसगढ़ी कहानियों में लोककला के विविध रूपों को समेटने का प्रयास किया गया है। लोककला का दायरा विस्तृत है जिसकी सीमा में साहित्य भी स्वतः समाहित है अतः इनका आगम सहज ही है। स्पष्ट है कि लोकगीत में लोक नृत्य का उपयोग, लोक वाद्य का योग लोक संगीत के प्रयोग बतौर प्रयुक्त होता है। इसमें सभी अवस्था के स्त्री पुरुष एकल या समूह में इसके साथ जुड़ कर लोक जीवन को सुखद बनाने का संयोजन सिद्ध करते हैं। लोक गीतों के लेखन गायन की कार्यशालाएं नहीं हुई थीं, लोक नृत्यों की प्रशिक्षण शालाएं नहीं थीं। मां को देखकर बेटी नृत्य सीख लेती हैं। मां को आदर्श मान कर उसके ही परिधान व अलंकरण को क्रमशः मांगती है, क्योंकि उसे सुआ नाच के लिए सहेलियों का साथ देना है -

दे तो दाई तोर पैरी ल कहां जाबे,
सुआ नाचे बर कहां जाबे सुआ नाचे।
दे तो दाई कमरपट्टा ल कहां जाबे,
सुआ नाचे बर कहां जाबे सुआ नाचे।

धार्मिक : घनश्याम सिंह नाग

# प्राचीन मान्यताओं में बड़े डोंगर का बेल बनवाड़ी

प्रकृति की सुंदरता बस्तर अंचल में कहीं भी देखी जा सकती है। साथ ही धार्मिक महत्व के स्थलों की भी कमी नहीं है। इसी तरह धार्मिक महत्व का स्थल कोंडागांव के बड़े डोंगर में देखी जा सकती है। यहां हर कोस में धार्मिक महत्व के स्थल स्थानीय तथा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इसी में बेल बनवाड़ी स्थल का भी अपना महत्व है जो बड़े डोंगर से 12 कि मी दूरी पर शिव मंदिर से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर स्थित है। बेल बनवाड़ी अर्थात, बेल वृक्षों का बगीचा। किंवदंती है कि भगवान शिव, मंदिर से बेल बनवाड़ी वन विहार के लिए जाया करते थे। यहां हलबा जाति का एक व्यक्ति बारदा नदी में मछली मारने के लिए जाल फैला कर पत्थर पर बैठा था। मछली फंस नहीं रही थी, लेकिन अब फंसी तब फंसी, इसी आशा में वह बैठा ही रह गया, रात बहुत हो चुकी थी। अर्ध रात्रि में जब बेल बगीचा से भ्रमण कर भगवान शिव वापस लौट रहे थे। अचानक शिव जी से मछुआरे की मूठभेड़ हो गई, मछुआरा डर से सहम गया। डर से सहमें उस व्यक्ति से शिव जी ने कहा, डरो मत मैं शिव हूं... तुम जो चाहो वह वर मांग लो। मछली न फंसने से हताश हो चुका, उस व्यक्ति ने कहा... भगवन, मैं सुबह से



इतनी रात गए बैठा हूं, पर एक भी मछली नहीं फंस रही है। अब आपके आशीर्वाद से यहां खूब मछलियां फंसे। बुलाने से मछलियां खुद ही आ जाए। शिव जी तथास्तु कह कर आगे बढ़ गए। तब से बारदा नदी मछली का खदान हो गया है। लोग भिन्न भिन्न प्रकार के जाल बिछा कर यहां खूब मत्स्याखेट करते हैं। इस स्थान की मछली पूरे अंचल में प्रसिद्ध है।

लोकगीत
डा. रचना मिश्र

## रिश्तों की सहजता आंचलिक लोकगीतों में

छत्तीसगढ़ अंचल में देवर भाभी और पति पत्नी के बीच हंसी मजाक का स्वाभाविक चित्रण लोकगीतों में दिखाई देता है। यह सौंदर्य भावुकता तक ही नहीं, बल्कि जीवन के विभिन्न रूपों में प्रस्फुटित हुआ है। ईष्ट के प्रति आस्था, संघर्ष का उल्लास, जीवन के संघर्ष की वेदना, समाज का उत्पीड़न, दार्शनिक बोध, ज्ञानियों का उपदेश, मानव की हंसी मुस्कान, उसकी कराह नृत्य -गीत के माध्यम से प्रकट और मन के निकट हुए हैं। यह गीत आज के सामाजिक संदर्भ में अपनी समसामयिकता को बनाए हुए हैं। खासकर करमा गीतों में इस तरह का भाव हम देखते हैं -

रांधत देखेव मोंगरी साग, परसत देखेव भोंगा सागे
अइसन सुआरी बर बड़ गुस्सा लागे
मारते तुतारी दुई चारे
मारिहा तुतारी दुई चारे




चली देबो मइके हमारे
मसके देइका मइके तुम्हारे
कर लेब दूसर बिहाव
कर लेइहा दूसर बिहाव हमर सूरत कहां पइहा
अइसन सुघर का करबो
चिटको तो चाल कहर नइहे।

गांव की कहानी: शंकर पांडे

# कांकेर रियासत के अंतिम राजा भानुप्रताप देव

नरहरदेव के निधन के बाद उनके दत्तक पुत्र कोमल देव ने 1903 से 1925 तक शासन किया। उन्होंने अपने शासन काल में कांकेर और संबलपुर में अस्पताल और स्कूल का निर्माण कराया। इसी के साथ बीरपुर नामक स्थान पर एक नया शहर और राजधानी बनाया। 8 जनवादी 1925 को नि:संतान होने की स्थिति में उनका निधन हो गया। इन्होंने अपने जीवन काल में छोटा नागपुर के भानु प्रताप देव को गोद ले लिया था। भानु प्रताप देव का जन्म 17 सितम्बर 1922 को हुआ था और 8 जनवरी 1925 को इनका राज्याभिषेक हुआ था।

सोमवंश के अंतिम राजा 5 दिसम्बर 1853 को गद्दी पर बैठे। राजा नरहर देव ने 1903 तक शासन किया। इसी दौरान राजमहल तथा कुछ मंदिर तथा पुस्तकालय भी बने। नरहरदेव का विवाह बस्तर के राजा भैरमदेव की पुत्री पदमालया देवी के साथ हुआ था। इनके दो पुत्र भी हुए पर दोनों का निधन 14 और 16 वर्ष की आयु में हो गया। नरहरदेव के निधन के बाद उनके दत्तक पुत्र कोमल देव ने 1903 से 1925 तक शासन किया। उन्होंने अपने शासन काल में कांकेर और संबलपुर में अस्पताल और स्कूल का निर्माण कराया। इसी के साथ बीरपुर नामक स्थान पर एक नया शहर और राजधानी बनाया। 8 जनवरी 1925 को नि:संतान होने की स्थिति में उनका निधन हो गया। इन्होंने अपने जीवन काल में छोटा नागपुर के भानु प्रताप देव को गोद ले लिया था। भानु प्रताप देव का जन्म 17 सितम्बर 1922 को हुआ था और 8 जनवरी 1925 को इनका राज्याभिषेक हुआ था। रघुबीर यादव इनके बतौर प्रशासक कार्यभार देखते थे। भानु प्रताप



देव ने राज कुमार कालेज में शिक्षा ग्रहण की। इसके पश्चात मेयो कालेज अजमेर से बी ए, आई सी एस की परीक्षा उत्तीर्ण की, फिर उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड भी गए। 1944 में पूर्णकालिक कार्यभार संभाला। उन्होंने अपने नाम पर भानुप्रताप पुर नगर बसाया, वही कांकेर में एक सिनेमा घर का भी निर्माण कराया। 1944 में इनका विवाह सोनपुर की रानी अमूल्या देवी के साथ हुआ था। 14 अगस्त 1969 को इनका निधन हो गया।

लेखकों से..

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

## सेबी ने पांच कंपनियों को आईपीओ लाने की दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** आपूर्ति श्रृंखला में उपयोग होने वाली परिसंपत्तियां कंपनियों के बीच साझा करने वाली कंपनी लीप इंडिया और एल्डोराडो एग्रीटेक सहित कुल पांच कंपनियों को शेयर बाजार में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है।



नियामक ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने मोल्बियो डायग्नोस्टिक्स, रेस्तरां और कैटरिंग संचालित करने वाली कंपनी फूडलिंक एफएंडबी होल्डिंग्स (इंडिया) और अपशिष्ट जल उपचार समाधान प्रदाता टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स को भी आईपीओ लाने के लिए मंजूरी दे दी है।

# कीमतों के ऐलान के बाद पलटा स्टारलिंक, कहा- अभी सरकारी मंजूरी का इंतजार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्टारलिंक भारत के लिए हाल ही में घोषित कीमतों के ऐलान से पलट गया है। इसे लेकर पैदा हुई भ्रम की स्थिति पर स्टारलिंक बिजनेस ऑपरेशंस की वाइस प्रेसिडेंट लॉरेन ड्रेयर ने एक्स पर सफाई दी है कि यह एक टेक्निकल गड़बड़ी के वजह से हुआ है। अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा कि भारत में फिलहाल स्टारलिंक की वेबसाइट अभी लाइव नहीं है और न ही भारतीयों के लिए कीमतें घोषित की गई हैं। उनकी ओर से स्पष्ट किया गया है कि भारत में कंपनी फिलहाल ऑर्डर नहीं ले रही है। वहीं भारत के लिए घोषित हुई कीमतों को लेकर एक्स का कहना है कि वे सिर्फ डमी टेस्ट डेटा था और उसका भारत में घोषित होने वाली कीमतों से कोई लेना देना नहीं हैं। लॉरेन ड्रेयर के एक्स पर किए पोस्ट के अनुसार स्टारलिंक की टीम भारत के लोगों को हाई-स्पीड इंटरनेट से जोड़ने के लिए उत्सुक है। कंपनी की पूरी टीम अंतिम मंजूरी का इंतजार कर रही है। इसके बाद ही सर्विस और वेबसाइट को शुरू किया जाएगा। बता दें कि यह अभी तय नहीं है कि स्टारलिंक इंडिया की वेबसाइट कब लांच की जाएगी। फिलहाल अगर आप स्टारलिंक की वेबसाइट पर किसी भारतीय पते के लिए ऑर्डर बुक करने की कोशिश करते हैं, तो वेबसाइट पर लिखा आता है कि "नियामक की मंजूरी मिलने का इंतजार है।"

### कीमतों को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हुई

#### अभी तक क्या हुआ?

बता दें कि सोमवार को ऐसी रिपोर्ट्स सामने आईं थी कि स्टारलिंक ने भारत में अपने मंथली प्लान और किट की कीमत घोषित कर दी है। ऐसी जानकारी सामने आई थी कि भारत में स्टारलिंक का मंथली प्लान 8,600 रुपए का होगा। वहीं इसके जरूरी हार्डवेयर किट के लिए एक बार में 34 हजार रुपए देने की बात सामने आई थी। अब कंपनी ने साफ किया था कि इन दोनों ही कीमतों का असल कीमतों से कोई संबंध नहीं है क्योंकि यह सिर्फ डमी डेटा था।




#### ग्रामीण इलाकों में स्टारलिंक की सबसे ज्यादा जरूरत

भारत के कई ग्रामीण इलाकों में पारंपरिक ब्रॉडबैंड नेटवर्क या तो मौजूद नहीं हैं या फिर उनका होना या न होना एक बराबर है। ऐसी जगहों के लिए स्टारलिंक का सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट बड़ा बदलाव ला सकता है। इस टेक्नोलॉजी से उन जगहों पर इंटरनेट पहुंच सकता है, जहां केबल या फाइबर बिछाना महंगा या असंभव है। हालांकि फिलहाल देखना होगा कि आने वाले समय में भारत के लिए स्टारलिंक किस कीमत पर उपलब्ध होता है और इसे किस तरह से अपनाया जाता है।

## एक सरकारी समिति ने दिया सुझाव

# एआई कंपनियों को कॉपीराइट कार्यों के उपयोग के लिए व्यापक लाइसेंस का सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृत्रिम मेधा (एआई) डेवलपर को एआई प्रणालियां तैयार करने के लिए कानूनी रूप से उपलब्ध सभी कॉपीराइट-संरक्षित सामग्री का उपयोग करने के लिए अनिवार्य लाइसेंस देने का एक सरकारी समिति ने सुझाव दिया है। साथ ही इस पर संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया व विचार मांगे गए हैं। समिति की सिफारिश के अनुसार, लाइसेंस के साथ कॉपीराइट धारकों के लिए वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी होना चाहिए। ये सुझाव समिति द्वारा तैयार किए गए कार्य पत्र का हिस्सा हैं जिसे उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा हितधारकों के विचार जानने के लिए जारी किया गया है।

- संबंधित हितधारकों से प्रतिक्रिया व विचार मांगे गए हैं

**खास बातें**

- वैधानिक पारिश्रमिक का अधिकार भी होना चाहिए
- डीपीआईआईटी ने 28 अप्रैल 2025 को एक समिति का गठन किया था




#### समिति की अध्यक्षता पांडे ने की

एआई प्रणालियों और कॉपीराइट से संबंधित उभरते मुद्दों पर विचार-विमर्श की बढ़ती आवश्यकता को स्वीकार करते हुए डीपीआईआईटी ने 28 अप्रैल 2025 को एक समिति का गठन किया था। आठ सदस्यीय इस समिति की अध्यक्षता अतिरिक्त सचिव हिमानी पांडे ने की। इसमें कानूनी विशेषज्ञ, उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

#### रॉयल्टी प्राप्त करने का विकल्प नहीं होगा

इस ढांचे के तहत, अधिकार धारकों के पास एआई प्रणालियों के प्रशिक्षण में अपने कार्यों को सीमित करने रखने का विकल्प नहीं होगा। इसमें कहा गया, "कॉपीराइट स्वामियों के रॉयल्टी प्राप्त करने के अधिकार को संरक्षित करके तथा अधिकार धारकों द्वारा बनाए गए तथा सरकार द्वारा नामित एकल संगठन के माध्यम से इसे प्रशासित करके...मॉडल का उद्देश्य एआई प्रशिक्षण के वास्ते एआई डेवलपर के लिए सामग्री तक आसान पहुंच प्रदान करना, लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं को सरल बनाना, लेनदेन लागत को कम करना तथा अधिकार धारकों के लिए उचित मुआवजा सुनिश्चित करना है।" पत्र में कहा गया है कि यह हाइब्रिड मॉडल एआई डेवलपर को एआई प्रशिक्षण के लिए कॉपीराइट कार्यों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए एकल खिड़की भी प्रदान करता है। इसमें कहा गया कि जनरेटिव एआई में दुनिया को बेहतर बनाने की अपार क्षमता है जो इसके विकास का समर्थन करने वाले नियामक माहौल की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# रियल एस्टेट सेक्टर को राहत, क्रेडाई प्रतिनिधिमंडल की सीएम से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रेडाई के प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार मुलाकात कर रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े एक महत्वपूर्ण निर्णय के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। हाल ही में केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा गाइडलाइन दरों के पुनरीक्षण का निर्णय लिया गया है, जिससे प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। नए संशोधन से संपत्ति की खरीद-फरोख्त पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, साथ ही निर्माण और निवेश गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। क्रेडाई पदाधिकारियों ने बताया कि लंबे समय से गाइडलाइन दरों में सुधार की मांग की जा रही थी, क्योंकि बाजार परिस्थितियों के अनुरूप दरें तय न होने से डेवलपर्स और खरीदारों दोनों पर अतिरिक्त आर्थिक भार पड़ रहा था। पुनरीक्षित दरों से उद्योग जगत में नई ऊर्जा आएगी और कारोबार की पारदर्शिता में भी वृद्धि होगी। प्रतिनिधिमंडल में क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलेच्छा, सचिव एवं प्रेसीडेंट इलेक्ट अभिषेक बच्छावत सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। सभी ने राज्य सरकार के निर्णय की सराहना की और इसे रियल एस्टेट उद्योग के लिए एक सकारात्मक कदम बताया। इसके साथ ही क्रेडाई ने राजस्व एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी का विशेष आभार जताया, जिनकी सक्रियता और निरंतर संवाद ने निर्णय को प्रभावी रूप से लागू कराने में अहम भूमिका निभाई।



# भारतीय कंपनियां भर्ती योजना में वैश्विक स्तर पर दूसरे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगले साल जनवरी-मार्च तिमाही में भारतीय कंपनियों ने वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे मजबूत रोजगार संभावनाएं जताई हैं। देश की करीब 52 प्रतिशत कंपनियां अगले तीन महीनों में भर्ती करने की योजना बना रही हैं। 'मैनपावरग्रुप रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण' के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार संभावनाएं (एनईओ) 52 प्रतिशत हैं, जो एक साल पहले की तुलना में 30 प्रतिशत जबकि अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही की तुलना में 27 प्रतिशत अधिक है।




#### कंपनियां प्रतिभा संरचना में निवेश कर रही

*मैनपावरग्रुप के भारत एवं पश्चिम एशिया क्षेत्र के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा, "भारत की भर्ती संभावनाएं सिर्फ मजबूत नहीं हैं, बल्कि ये आर्थिक विश्वास और क्षमता निर्माण के नए चरण का संकेत देती हैं। ये रुझान दिखाते हैं कि भारत मात्रा आधारित भर्ती से मूल्य निर्माण की तरफ बढ़ रहा है। कंपनियां कौशल, प्रौद्योगिकी और प्रतिभा संरचना में निवेश कर रही हैं।"*

## रुपया 17 पैसे मजबूत होकर 89.88 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** रुपया मंगलवार को शुरुआती नुकसान से उबरकर 17 पैसे की बढ़त के साथ 89.88 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। अमेरिकी मुद्रा और कच्चे तेल की कीमतों के अपने उच्च स्तर से नीचे आने से भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना के बीच विदेशी बाजार में अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिला। हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी निकासी के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।

### बिजनेस साइट

## दो दिवसीय 'अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन' 12 दिसंबर से आयोजित

**नई दिल्ली।** योग और उपवास के दो प्रमुख संत, योग ऋषि स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर के मार्गदर्शन में 'अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन' 12 और 13 दिसंबर को आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 'जनमंगल की सम्यकदृष्टिः उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन' विषय पर केंद्रित होगा। सम्मेलन में 'हर मास - एक उपवास' महाभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहेंगे, जिनमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मीडिया व चिकित्सा जगत के प्रमुख व्यक्ति शामिल हैं। डिजिटल माध्यम से पूज्य बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री भी अपने संदेश देंगे। वहीं, आचार्य बालकृष्ण महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज, और महंत बालकनाथ योगी जी महाराज पावन सानिध्य प्रदान करेंगे।




## वनतारा की वैश्विक पहचान बढ़ी, अमेरिका में मिला 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवार्ड'

**नई दिल्ली।** अमेरिका में आयोजित एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय समारोह में वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अनंत अंबानी को 'ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें वनतारा प्रोजेक्ट के जरिए घायल, बीमार और संकटग्रस्त जानवरों के बचाव, उपचार और पुनर्वास में किए जा रहे उनके कार्यों के लिए दिया गया। इस उपलब्धि के साथ अनंत अंबानी सबसे कम उम्र में यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले एशियाई भी बन गए हैं। इस सम्मान के बाद एक बार फिर वनतारा की पहल विश्वभर में चर्चा का विषय बन गई है। वनतारा को आज दुनिया के सबसे बड़े और अनोखे वन्यजीव संरक्षण मॉडल के रूप में देखा जाता है, जहां न सिर्फ जानवरों का बचाव किया जाता है, बल्कि विलुप्तप्राय प्रजातियों को सुरक्षित वातावरण में पुनर्स्थापित करने पर भी काम होता है। अवॉर्ड ग्रहण करते हुए अनंत अंबानी ने कहा कि यह सम्मान उन्हें 'सर्वभूत हित' के मार्ग पर और दृढ़तापूर्वक आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
HMS हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धूम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपैथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्घ पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहांसे • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# एडिलेड टेस्ट में कमिंस की वापसी तय, हेजलवुड बाहर

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग और टखने की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ एशेज श्रृंखला के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं लेकिन कप्तान पैट कमिंस पीठ की समस्या से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं।

हेजलवुड चोटिल होने के कारण पर्थ और ब्रिस्बेन में खेले गए पहले दो मैच में भी नहीं खेल पाए थे लेकिन उम्मीद की जा रही थी कि वह पांच मैचों की श्रृंखला के बाकी मैच में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलिया पहले दो मैच जीतकर श्रंखला में 2-0 से आगे है। आस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू




मैकडोनाल्ड ने कहा कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप में वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'वह एशेज श्रृंखला से बाहर रहेंगे और विश्व कप के लिए तैयारी करेंगे, जो हमारे लिए महत्वपूर्ण है। यह उनके लिए वास्तव में निराशाजनक है कि वह इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह ऐसा झटका है, जिसकी हमने कल्पना भी नहीं की थी। हमें उनसे इस श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद थी।''इस बीच कमिंस के 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करने की उम्मीद है। पीठ की समस्या के कारण वह पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गाबा में जब दूसरा टेस्ट मैच खेल रही थी तब इस 32 वर्षीय तेज गेंदबाज ने ब्रिस्बेन के एलन बॉर्डर फील्ड में कड़ा अभ्यास किया था। तीसरे टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम की घोषणा बुधवार को की जाएगी, जिसमें कमिंस की कप्तान के रूप में वापसी तय है।

# इंग्लैंड को करारा झटका, चोट के कारण वुड बाहर

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्बेन

एशेज श्रृंखला के पहले दो मैच गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम को एडिलेड में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज मार्क वुड चोटिल होने के कारण इस श्रृंखला से बाहर हो गए।

वुड पर्थ में श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में खेले थे लेकिन अपना खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्होंने 11 ओवर किए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला था। वह बाएं घुटने में तकलीफ के कारण वे ब्रिस्बेन में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए थे। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी की फिटनेस एशेज श्रृंखला से पहले



एक मुद्दा बनी थी क्योंकि मार्च में घुटने की सर्जरी के बाद उन्होंने हाल में वापसी की थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ 2022 में अपना एकमात्र टेस्ट मैच खेलने वाले मैट फिशर को कवर के रूप में टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

वुड ने कहा, 'मैं एशेज से बाहर होने से बहुत दुखी हूं। टेस्ट क्रिकेट में वापसी के लिए सर्जरी और सात महीनों की कड़ी मेहनत और रिहैबिलिटेशन के बावजूद मेरा घुटना अब तक ठीक नहीं हो पाया है।''इंग्लैंड को एशेज जीतने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाला तीसरा टेस्ट हर हाल में जीतना होगा। इंग्लैंड ने 2010-11 के बाद से ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट नहीं जीता है और वुड के बाहर होने से उसका गेंदबाजी आक्रमण कमजोर हो गया है।

## खबर संक्षेप



### पुंछ एलओसी के पास मैराथन सैकड़ों युवाओं ने लगाई दौड़

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास मंगलवार को सेना द्वारा आयोजित की गई मैराथन में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। भीमबेर गली ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर राहुल कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाई और युवाओं को फिटनेस को जीवन शैली के रूप में अपनाने और सशस्त्र बलों में अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि यह मैराथन दूसरी बार आयोजित किया जा रहे मेंढर महोत्सव का हिस्सा थी। यह महोत्सव 23 नवंबर को शुरू हुआ और 11 दिसंबर को समाप्त होगा।

### एसए20 की कमेंट्री टीम में उथप्पा, स्टेन और मॉर्गन

**जोहानिसबर्ग।** भारत के पूर्व दिग्गज टी20 खिलाड़ी रोबिन उथप्पा, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन एसए20 लीग के आगामी सत्र के लिए कमेंट्री टीम का हिस्सा होंगे। एसए20 का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा जबकि फाइनल 25 जनवरी को खेला जाएगा। भारत में एसए20 का प्रसारण जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। अपनी पीढ़ी के महानतम तेज गेंदबाजों में शामिल स्टेन और इंग्लैंड की 2019 एकदिवसीय विश्व कप विजेता टीम के कप्तान मोर्गन के जुड़ने से कमेंट्री टीम को और मजबूती मिली है।

## कटक टी20: भारत ने 101 रन से जीता मुकाबला, सीरीज में 1-0 की लीड

# छा गए भारतीय गेंदबाज, दक्षिण अफ्रीका को किया 12.3 ओवर में 74 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▶▶| कटक

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच कटक में खेले गए पहले टी20 मुकाबले पर टीम इंडिया ने 101 रन से कब्जा किया। मैच में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार बॉलिंग की और साउथ अफ्रीकी टीम की बैटिंग ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पूरी टीम 12.3 ओवरों में 74 रन पर ढेर हो गई। भारत ने 101 रन से मैच जीत लिया। भारत ने इस जीत के साथ सीरीज में 1-0 की लीड हासिल कर ली है।

अर्शदीप सिंह ने पहला झटका देकर मैच को पूरी तरह सेट कर दिया। जसप्रीत बुमराह अपनी सटीक गेंदबाजी से सबसे अलग दिखे। अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती ने बीच में बल्लेबाजों को बांधकर विकेट लिए। हार्दिक पंड्या ने भी एक विकेट लिया और आखिर में शिवम दुबे ने आखिरी विकेट लेकर मैच खत्म कर दिया। भारत ने यह मैच एकतरफा तरीके से जीत लिया। यह जीत भारत के लिए बहुत खास रही। बल्लेबाजी में हार्दिक पंड्या (59)चमके और गेंदबाजी में पूरी टीम ने मिलकर कमाल कर दिया। साउथ अफ्रीका का ये टी20 में सबसे कम स्कोर था।



### सबसे कम स्कोर पर ढेर हुई अफ्रीकी टीम

दक्षिण अफ्रीका की पारी बहुत खराब शुरू हुई। लक्ष्य था 176 रन लेकिन पहले ही ओवर में क्विंटन डिकॉक बिना रन बनाए आउट हो गए। इससे टीम पर शुरू से दबाव पड़ गया। ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान एडन मार्करम ने कुछ अच्छे शॉट लगाए लेकिन दोनों बड़ी पारी नहीं खेल सके। डेवाल्ड ब्रेविस ने तेजी से 22 रन बनाए और थोड़ा लड़ने की कोशिश की लेकिन जसप्रीत बुमराह ने उन्हें आउट कर दिया। बीच के ओवरों में विकेट लगातार गिरते रहे। डेविड मिलर, फरेरा और मार्को यानसन भी ज्यादा देर नहीं टिके। भारत की गेंदबाजी इतनी सही थी कि रन बनाना ही मुश्किल हो गया।

### पांड्या ने लगाया छक्कों का शतक

पांड्या अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए 100 छक्के जड़ने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस सूची में रोहित शर्मा (205) पहले पायदान पर हैं। रोहित इस प्रारुप में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले दुनिया के शीर्ष बल्लेबाज भी हैं। भारत के लिए दूसरे सर्वाधिक छक्के जड़ने का रिकॉर्ड कप्तान सूर्यकुमार यादव के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने 155 छक्के जड़े हैं। इसी तरह विराट कोहली 124 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

### तिलक ने पूरे किए 1 हजार टी-20 अंतरराष्ट्रीय रन

तिलक ने 32 गेंदों का सामना करते हुए 26 रन बनाए और इस बीच अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 1 हजार रन पूरे किए। वह भारत की ओर से टी-20 प्रारुप में ये आंकड़ा छूने वाले कुल 13वें बल्लेबाज बने। भारतीय बल्लेबाजों में तिलक 5वें सबसे तेज 1 हजार रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बने। इस मामले में उनसे आगे विराट कोहली (27), अभिषेक शर्मा (28), केएल राहुल (29) और सूर्यकुमार यादव (31) है।

### बुमराह ने पूरे किए 100 टी-20 विकेट

टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 100 विकेट पूरे करने के साथ ही बुमराह क्रिकेट के तीनों प्रारुप (टेस्ट, वनडे और टी-20) में 100-100 विकेट चटकाने वाले पहले भारतीय गेंदबाज भी बन गए। उनके अब टेस्ट में 234, वनडे में 149 और टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 101 विकेट हो गए हैं। बुमराह यह कारनामा करने वाले दुनिया के 5वें गेंदबाज हैं। उनसे पहले पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी, न्यूजीलैंड के टिम साउथी, श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और शाकिब अल हसन ऐसा कर चुके हैं।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का यानसेन बो सिपामला | 17 | 12 | 2 | 1 |
| शुभमन का यानसेन बो एनगिडी | 04 | 2 | 1 | 0 |
| सूर्यकुमार का मारक्रम बो एनगिडी | 12 | 11 | 1 | 1 |
| तिलक वर्मा का यानसेन बो एनगिडी | 26 | 32 | 2 | 1 |
| अक्षर पटेल का फरेरा बो सिपामला | 23 | 21 | 0 | 1 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 59 | 28 | 6 | 4 |
| शिवम दुबे बो फरेरा | 11 | 9 | 2 | 0 |
| जितेश शर्मा नाबाद | 10 | 5 | 0 | 1 |

अतिरिक्त: 13, कुल योग: 20 ओवर में 175/6 रन
गेंदबाजी: एनगिडी 4-0-31-3, यानसेन 4-0-23-0, सिपामला 4-0-38-2, नोर्किया 4-0-41-0, महाराज 2-0-25-0, फरेरा 2-0-13-1

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डिकॉक का अभिषेक बो अर्शदीप | 00 | 2 | 0 | 0 |
| एडेन मारक्रम बो अक्षर | 14 | 14 | 1 | 1 |
| स्टब्स का जितेश बो अर्शदीप | 14 | 9 | 2 | 0 |
| ब्रेविस का सूर्यकुमार बो बुमराह | 22 | 14 | 3 | 1 |
| मिलर का जितेश बो पंड्या | 01 | 3 | 0 | 0 |
| फरेरा का जितेश बो चक्रवर्ती | 05 | 7 | 1 | 0 |
| यानसन बो चक्रवर्ती | 12 | 12 | 0 | 2 |
| महाराज का जितेश बो बुमराह | 00 | 2 | 0 | 0 |
| एनरिच नोर्किया बो अक्षर | 01 | 3 | 0 | 0 |
| सिपामला का अभिषेक बो दुबे | 02 | 5 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 02 | 4 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 01 कुल योग: 12.3 ओवर में सभी आउट: 74 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 2-0-14-2 , बुमराह 3-0-17-2, चक्रवर्ती 3-1-19-2, अक्षर 2-0-7-2, पंड्या 2-0-16-1, दुबे 0.3-0-1-1

## श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान



**नई दिल्ली।** श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान हुआ है। इसमें गुनालन कमलिनी और वैष्णवी शर्मा को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। ये दोनों खिलाड़ी अब घरेलू मैदान पर श्रीलंका के खिलाफ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज में खेलेंगी। सीरीज 21 दिसंबर से 30 दिसंबर तक चलेगी। पहले दो मैच विशाखापट्टनम में होंगे और आखिरी तीन मैच तिरुवनंतपुरम में खेले जाएंगे।

### दो खिलाड़ियों का डेब्यू

बता दें कि, 17 साल की कमलिनी विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और उन्होंने महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए नौ मैच खेले हैं। वहीं 19 साल की वैष्णवी अभी तक डब्ल्यूपीएल में नहीं खेल पाईं, क्योंकि उन्हें ऑक्शन में कोई टीम नहीं चुनी। दोनों ही अब 15 सदस्यीय भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इन दोनों की जगह राधा यादव और उमा छेत्री टीम से बाहर हुई हैं। राधा और उमा पिछले महीने वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम में थीं। बाकी टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं है। हरमनप्रीत कौर कप्तान हैं और स्मृति मांधना उप-कप्तान है। शेफाली वर्मा भी टीम में हैं। शेफाली को विश्व कप के सेमीफाइनल से ठीक पहले प्रतिका रावल की चोट की वजह से टीम में मौका मिला था। ये पांच मैचों की सीरीज डब्ल्यूपीएल 2026 शुरू होने से ठीक पहले होगी। डब्ल्यूपीएल अगले साल 9 जनवरी से नवी मुंबई में शुरू हो रहा है।

### भारतीय महिला टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उप-कप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेनुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्रीचरणी, वैष्णवी शर्मा।

### 21 को कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे 23 हजार धावक

**कोलकाता।** दो बार के ओलंपिक और तीन बार के विश्व चैंपियन जोशुआ चेप्टेगी सहित दुनिया भर के 23 हजार से अधिक धावक 21 दिसंबर को यहां होने वाली 10वीं टाटा स्टील वर्ल्ड 25के (25 किलोमीटर) कोलकाता दौड़ में भाग लेंगे। युगांडा के चेप्टेगी और महिला वर्ग में गत चैंपियन सुतूम असेफा केबेडे इस दौड़ का मुख्य आकर्षण होंगे, जिसे विश्व एथलेटिक्स की तरफ से गोल्ड लेबल रोड रेस का दर्जा हासिल है। प्रमोटर प्रोकैम इंटरनेशनल ने भी इस बार 1:11:08 (एक घंटा, 11 मिनट, 08 सेकंड) का विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले किसी भी एथलीट को 25,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की घोषणा की है।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication.

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur 482001 (M.P)

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

RC/453/2017 01.12.2025

**UCO BANK**
**Vs**
**M/S S K ASSOCIATES**

To,
**(CDI)** M/S S K ASSOCIATES
HIG-1/456, BORSI EXT. DISTRICT DURG
(C.G.)-491001
**(CD2)** KALYAN RATNAKAR AYYAGRI
H NO 31. MAITRY KUNJ, NEAR
ASHIWAD BHAWAN, RISHALI, BHILAI
(C.G.)-491001
**(CD3)** SMT. SUJATA AYYAGRI W/O SHRI
KALYAN RATNAKAR AYYAGARI
HIG, 1/456, NEW BORSI, DURG (C.G.)-490001

Whereas you the **M/S S K ASSOCIATES** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **01/11/2017** in **OA/344/2017** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 3017120.00 (Rupees Thirty Lakhs Seventeen Thousands One Hundred Twenty Only)** along with pendentellite and future interest @ 12.00% Simple Interest Yearly w.e.f. **10/04/2017** till realization and costs of **Rs 33000 (Rupees Thirty Three Thousands Only),** and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **27/01/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of Property**

Residential land at Khasra No.-347/1 (Part) (New 347/12), P.H. No.-2, situated at Ward No.-15 (as per valuation 19), Panchsheel Nagar (West), Charoda, Tehsil- Patan, District- Durg (C.G.), area 2400 sq.ft.; property in the name of Shri kalyan Ratnakar Ayyagari S/o Shri Bheema Rao Ayyagari.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date : **01.12.2025.**

**Place: Jabalpur** Seal **RECOVERY OFFICER**
**Date :01-12-2025** **DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

## आईसीसी रैंकिंग

# टॉप 10 में स्मृति और जेमि लॉरा का जलवा बरकरार



एजेंसी ▶▶| दुबई

महिला वर्ल्ड कप 2025 में विश्व विजेता भारतीय टीम की नंबर 1 बैटर स्मृति मंधाना आईसीसी रैंकिंग में नंबर 2 की पोजीशन पर मौजूद हैं। आईसीसी की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में स्मृति के 811 रेटिंग अंक हैं। वहीं साउथ अफ्रीका की कप्तान और वर्ल्ड कप की टॉप स्कोरर लॉरा वोल्वार्ट 814 रेटिंग अंक नंबर 1 महिला वनडे बैटर बनी हुई हैं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स ही हैं। भारतीय महिला टीम अब टी20 सीरीज खेलने 21 दिसंबर से श्रीलंका के खिलाफ उतरेगी।

### जेमि 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर

अगर महिलाओं की वनडे रैंकिंग के टॉप 10 बैटर्स की बात करें तो जेमिमा रोड्रिग्स को तगड़ा फायदा हुआ था। भारत के लिए सेमीफाइनल में जीत की हीरो रहीं जेमिमा 9 स्थान की छलांग लगाकर 10वें पायदान पर आ गई थीं। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी फायदा हुआ था और वह 18वें से 14वें स्थान पर आ गई थीं। टॉप 10 में भारत की तरफ से स्मृति मंधाना और जेमि ही हैं।

### एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज

ताजा रैंकिंग टी20 की अपडेट हुई हैं, जिसमें एनाबेल सदरलैंड नंबर 1 गेंदबाज हैं और बेथ मूनी नंबर 1 बैटर हैं। साउथ अफ्रीका की मलाबा चार स्थान की छलांग के साथ नंबर 6 पर आ गई हैं। वहीं भारतीयों की रैंकिंग में खास बदलाव नहीं हुए हैं। भारतीय टीम ने वर्ल्ड कप के बाद कोई भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेला है।

**दीप्ति का रैंकिंग में दबदबा** : इसके अलावा महिला वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहीं दीप्ति शर्मा टॉप 5 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में हैं। वह चौथे स्थान पर मौजूद हैं। जबकि गेंदबाजों की रैंकिंग में वह टॉप 10 में मौजूद अकेली भारतीय खिलाड़ी हैं और पांचवें स्थान पर बनी हुई हैं। अगर महिला टी20 बैटर्स की रैंकिंग देखें तो स्मृति मंधाना तीसरे और शेफाली वर्मा 9वें स्थान पर हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा नंबर 2 और रेणुका सिंह ठाकुर 11वें स्थान पर हैं। टी20 ऑलराउंडर्स में भी दीप्ती शर्मा तीसरे स्थान पर हैं और टॉप 10 में अकेली भारतीय हैं।

# प्रदर्शन मैच में अल्काराज का जलवा अमांडा और जेसिका ने लिया हिस्सा

एजेंसी ▶▶| मियामी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मियामी आमंत्रण प्रदर्शनी टेनिस टूर्नामेंट में अपना जलवा दिखाकर दर्शकों को रोमांचित किया। अल्काराज ने जब कोर्ट पर कदम रखा तो तालियों की गड़गड़ाहट सुनाई दी और मेजर लीग बेसबॉल के मियामी मार्लिंस के घरेलू मैदान लोनडेपो पार्क में प्रदर्शनी मैच में दर्शकों ने स्पेन के इस खिलाड़ी को सिर आंखों पर बिठाए रखा।

यह पहला अवसर था जबकि लोनडिपो पार्क में कोई टेनिस मैच खेला गया। इस प्रदर्शनी मुकाबले में ब्राजील के जोआओ फोन्सेका तथा अमेरिका की महिला स्टार अमांडा



अनिसिमोवा और जेसिका पेगुला ने भी हिस्सा लिया। अल्काराज ने विश्व में 24वीं रैंकिंग वाले फोन्सेका को एक रोमांचक एकल मुकाबले में 7-5, 2-6, 10-8 से हराया। पहली बार यह दोनों खिलाड़ी एक दूसरे का आमना सामना कर रहे थे। इससे पहले अनिसिमोवा ने पेगुला को 6-2, 7-5 से हराया था।

### जमशेदपुर में पहली बार ट्रांसजेंडर फुटबॉल लीग

**जमशेदपुर।** भारतीय फुटबॉल में एक ऐतिहासिक घटनाक्रम के तहत सात ट्रांसजेंडर टीमों ने जमशेदपुर सुपर लीग (जेएसएल) के तहत एक विशेष टूर्नामेंट की शुरुआत की। जमशेदपुर एफटी, चाईबासा एफसी, चक्रधरपुर एफसी, जमशेदपुर इंदिरानगर एफसी, नोआमुंडी एफसी, सरायकेला एफसी और कोल्हान टाइगर एफसी की पांच-पांच खिलाड़ियों की टीमें इस लीग में हिस्सा ले रही हैं। शुरुआत में ट्रांसजेंडर्स लीग में केवल चार टीमें ही प्रतिस्पर्धा करने वाली थीं, लेकिन बाद में तीन और टीमें इसमें शामिल कर ली गईं। यह टूर्नामेंट जमशेदपुर सुपर लीग का एक हिस्सा है, जिसमें आयु-वर्ग लीग जैसी अन्य प्रतियोगिताएं भी होती हैं।

### सुपर ओवर में डेजर्ट वाइपर्स ने गल्फ जायंट्स को हराया

**दुबई।** सैम करेन और डैन लॉरेंस के शानदार प्रदर्शन से स्कोर बराबर करने के बाद डेजर्ट वाइपर्स ने आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में सुपर ओवर में गल्फ जायंट्स को हरा दिया। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 179 रन बनाए थे। वाइपर्स ने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बावजूद नौ विकेट पर 179 रन बनाकर मैच को सुपर ओवर तक खींच दिया। सुपर ओवर में वाइपर्स ने 13 रन बनाए। नसीम शाह ने जायंट्स को सिर्फ नौ रन पर रोककर वाइपर्स को महत्वपूर्ण अंक दिलाए। वाइपर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में से प्रत्येक में जायंट्स को हराया है। इससे पहले करेन (36 गेंदों पर 44 रन) और डैन लॉरेंस (31 गेंदों पर 56 रन) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वाइपर्स ने स्कोर बराबर कर दिया। अजमतुल्लाह उमरजई ने जायंट्स के लिए चार विकेट लिए। गल्फ जायंट्स ने आक्रामक शुरुआत की। उसकी तरफ से पथुम निसांका (29 गेंदों पर 56 रन) और रहमानुल्लाह गुरबाज (31 गेंदों पर 41 रन) ने पहले विकेट के लिए सात ओवर में 73 रन जोड़े।

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust
यूको बैंक, अंचल कार्यालय, छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, प्रथम तल, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) 492001
फोन नं. 0771-4233113, ईमेल: zoraipur.rec@uco.bank.in

परिशिष्ट IV देखें, [नियम 8 (1)] के तहत

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अधीन और धारा 13(2) और सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम 8,9 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

| क्र. सं. | शाखा | ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / सांकेतिक कब्जा का दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | बैकुंठपुर शाखा | ऋणी - मे. रूप इलेक्ट्रिकल्स (प्रोप. - श्री रूपचंद साहू | 1) जमीन एवं दो तल्ला दुकान सह आवासीय मकान खसरा सं 30/14 प्लाट एरिया 0.004 हेक.पता गांव भाण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बगल में, तहसील बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) पता गांव-भाण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बगल में तहसील बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) स्वामी का नाम श्रीमान बुधलाल साह पिता बंधू राम 2) जमीन एवं दो तल्ला दुकान सह आवासीय मकान खसरा से 30/32 प्लाट एरिया 0.002 हेक्ट.पता गांव-भाण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बगल में, तहसील बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) पता गांव-भाण्डी राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के बगल में, तहसील बैकुंठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.) स्वामी का नाम श्रीमान बुधलाल साहु पिता बंधू राम साहु | 05/03/2025<br>08/12/2025<br>₹12,49,320.00 + ब्याज देय और अन्य खर्चा। |
| 02 | बलौदा-बाजार शाखा | ऋणी - श्री राहुल सिंह ठाकुर पिता श्री दुर्गेश सिंह ठाकुर श्रीमती अंजु ठाकुर पति श्री दुर्गेश सिंह ठाकुर | खसरा संख्या 525/94 मौजा खोलवा पहन 02 ग्राम पंचायत खोलवा, राजस्व निगम मण्डल भाटापारा तहसील भाटापारा और जिला बलौदा बाजार। सीमाबद्ध : उत्तर की ओर - रोड, दक्षिण की ओर - दीगर की जमीन, पूर्व की ओर - दीगर की जमीन, पश्चिम की ओर - दीगर की जमीन | 22/09/2025<br>09/12/2025<br>₹19,98,024.00 + ब्याज देय और अन्य खर्चा। |

ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधरण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

दिनांक : 09.12.2025 प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक




विज्ञान

वैज्ञानिकों को मिली बड़ी कामयाबी

# आ रहा है डिज़ाइनर बेबी का दौर? इंसान की स्किन सेल से भ्रूण बनाने में मिली सफलता

**न्यूयार्क।** एक नई रिसर्च में वैज्ञानिकों ने इसानों के स्कीन की कोशिका का इस्तेमाल करके ऐसे अंडे बनाए जो शुरुआती मानव भ्रूण में बदलने की क्षमता रखते हैं। यह प्रयोग प्रजनन विज्ञान की दुनिया में बड़ा कदम माना जा रहा है। इससे भविष्य में इसी तकनीक का इस्तेमाल करके वो लोग भी माता-पिता बन सकेंगे, जिनके पास स्वस्थ अंडाणु या शुक्राणु नहीं होते हैं। हालांकि, यह तरीका अभी सुरक्षित नहीं है और पूरी तरह सफल होने में कई साल लग सकते हैं।



## स्किन की सेल्स से एग्स

इंसान का जन्म अंडाणु और शुक्राणु दो कोशिकाओं के मिलने से होता है। कई बार किसी कारणों से किसी भी व्यक्ति के पास दोनों प्रजनन कोशिकाएं उपलब्ध नहीं होतीं हैं। इसी कारण से वैज्ञानिक लंबे समय से ऐसी तकनीक बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जिससे शरीर की किसी दूसरी कोशिका से अंडाणु या शुक्राणु बनाया जा सके। अब इस नई रिसर्च ने इस दिशा में उम्मीद जगाई है। वैज्ञानिकों ने एक मानव त्वचा कोशिका का डीएनए लेकर उसे एक दान किए गए अंडाणु की खाली कोशिका में डाल दिया। इसके बाद उस अंडाणु को मेयोसिस जैसे प्रोसेस से गुजरना पड़ा, जिसमें उसे अपने डीएनए के आधे क्रोमोसोम बाहर निकालने थे।

## कैसे किया गया यह प्रयोग?

रिसर्चर्स ने पहले दान किए गए मानव अंडाणु का न्यूक्लियस निकाल दिया, उसके बाद उन्होंने स्किन की कोशिका का न्यूक्लियस उस अंडाणु में डाल दिया। प्रॉब्लम यह थी कि त्वचा की कोशिकाओं में 46 क्रोमोसोम होते हैं, जबकि अंडाणु में केवल 23 होने चाहिए। अब इस समस्या को ठीक करने के लिए वैज्ञानिकों ने एक रसायन रोस्कोविटीन का इस्तेमाल किया, जिससे अंडाणु के एक्स्ट्रा क्रोमोसोम बाहर निकल सकते थे। जब इस अंडाणु का शुक्राणु से फर्टिलाइज किया गया तो कुछ मामलों में शुरुआती मानव भ्रूण बनने लगा था।

## कहां हुई सफल और कब आई दिक्कत?

कुछ अंडे शुरुआती भ्रूण में बदल गए, लेकिन कई नहीं बदल पाए। ज्यादातर मामलों में भ्रूण में क्रोमोसोम की संख्या सही नहीं थी। कई भ्रूण में 46 की बजाय 48 क्रोमोसोम मिले। कुछ में क्रोमोसोम गायब थे तो कुछ दोहरी मात्रा में मौजूद नजर आए। बता दें कि इन भ्रूणों को 6 दिनों से ज्यादा बढ़ने की अनुमति नहीं दी गई थी, क्योंकि कानून इसकी अनुमति नहीं देता है। वैज्ञानिकों की माने तो यह पूरी तरह सफल परिणाम तो नहीं है, लेकिन इसने यह साबित कर दिया है कि ऐसा करना संभव है।

## इस तकनीक से जुड़े खतरे

कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि इस तकनीक से भविष्य में डिज़ाइनर बेबी बनाने का रास्ता खुल सकता है, जहां पर लोग अपनी पसंद के अनुसार डीएनए चुन पाएंगे। साथ ही यह डर भी है कि किसी व्यक्ति की त्वचा कोशिका चुपके से लेकर उसका जैविक बच्चा बनाना भी संभव हो सकता है।

# आईएसएस के बाद कौन होगा अंतरिक्ष का नया राजा?



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन का मिशन खत्म होने के बाद भारत और रूस ने अपने-अपने स्पेस स्टेशनों को एक ही कक्षा में रखने का फैसला किया है। इससे दोनों देशों के अंतरिक्ष यात्री एक-दूसरे के स्टेशन पर आसानी से जा सकेंगे, साथ ही मिलकर वैज्ञानिक प्रयोग कर पाएंगे। रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के प्रमुख दमित्री बकानोव ने अपने भारत दौरे के दौरान इस साझेदारी की घोषणा की है। भारत का आने वाला स्पेस स्टेशन बेस और रूस का रोस दोनों ही 51.6 डिग्री वाले ऑर्बिट में चक्कर लगाएंगे यह आईएसएस की कक्षा भी है। यह कदम दोनों देशों के अंतरिक्ष सहयोग को अलग लेवल पर ले जाएगा। दोनों देशों के बीच नए इंजन, मानव मिशन, ट्रेनिंग और टेक्नोलॉजी पर भी काफी बाते हुई है। रूस पहले अपने रशियन ऑर्बिटल स्टेशन को 96 डिग्री वाले ऑर्बिट में बनाने की तैयारी कर रहा था। हालांकि ,अब भारत के साथ साझेदारी को देखते हुए इसे 51.6 डिग्री पर शिफ्ट करने का फैसला लिया गया है। बकानोव ने बताया है कि यह बदलाव दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा और लंबे समय तक सहयोग बढ़ाने में सहयता मिलेगी।

- भारत-रूस मिलकर एक ही ऑर्बिट में बनाएंगे नया स्पेस स्टेशन










# कब्रों के बीच दबा था 2400 साल पुराना खजाना, खोजा गया 'सबसे अमीर' बलि स्थल

**मास्को।** रूस के दक्षिणी उराल पर्वतों में वैज्ञानिकों ने 2,400 साल पुराना एक बेहद अनोखा और समृद्ध सैक्रिफिशियल कॉम्प्लेक्स खोजा है। यह जगह दो बड़े शवों का ढूह के बीच मिली। यहां पर सैकड़ों अनोखी वस्तुएं छिपी हुई थीं यह खोज बताती है कि उस समय के घुमंतू लोग सिर्फ दफनाते नहीं थे, बल्कि बार-बार इन स्थलों पर आकर धार्मिक रस्मों को भी निभाते थे। इस सैक्रिफिशियल कॉम्प्लेक्स में बड़ी संख्या में



ब्रॉन्ज के घोड़े से जुड़े सामान, आयरन बिट्स, सोने की कलाकृतियां, चांदी जड़ी कटोरी और बलि के लिए रखे गए जंगली सूअर के जबड़े भी पाए गए हैं।

## दफन टीले के बीच अनोखा रहस्यमयी ढांचा

रूस की रूसी विज्ञान अकादमी का पुरातत्व संस्थान की टीम ने गर्मियों में वायसोकेया मोगिला नाम की पुरानी नेक्रोपोलिस में खुदाई की थी। यह नेक्रोपोलिस करीब 6 किलोमीटर में फैली एक बड़ी कब्रगाह है, जिसका इस्तेमाल चौथी से तीसरी सदी ईसा पूर्व तक किया जाता रहा था। टीम ने दो दफन टीलों के बीच खुदाई की और वहीं पर यह अनोखा 'सैक्रिफिशियल कॉम्प्लेक्स' एक उथले गोल गड्ढे में छिपा मिला था।




## तीसरे प्रेमी संग फरार हुई पत्नी, दूसरा पति डेढ़ साल के बच्चे के लिए परेशान

**सुरीर।** पहले पति को छोड़कर दूसरे के साथ शादी कर लेने और अब दूसरे को छोड़कर तीसरे के साथ चंपत होने के आरोप का मामला सामने आया है। दूसरे पति ने इस मामले की पुलिस से शिकायत करते हुए साथ ले गई बेटे को दिलाने की गुहार लगाई है। मामला थाना सुरीर क्षेत्र के गांव का है।



**साथ ले गई बेटे के लिए भटक रहा है दूसरा पति :** शिकायतकर्ता का आरोप है कि करीब 14 साल पहले उसकी एक महिला से शादी हुई थी। जो अपने पहले पति को छोड़कर आई थी। शादी के बाद दोनों के दो पुत्र पैदा हो गए। उसकी पत्नी स्वछंद विचारों की महिला थी, जो बिना बताए घर से चली जाती थी और पूछने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाती थी। उसे कई बार समझाया, लेकिन अपनी जिद के आगे किसी की बात मानने को तैयार नहीं थी।

### आठ महीने पहले काम के लिए बाहर गया था दूसरा पति

आठ माह पहले काम करने के लिए बाहर गए थे, उनकी अनुपस्थिति में पत्नी उनके डेढ़ वर्षीय बेटे को लेकर तीसरे व्यक्ति के साथ चंपत हो गई। वापिस लौटने पर उन्हें इसकी जानकारी हुई। तलाश के दौरान पता चला कि पत्नी डेढ़ वर्षीय बेटा को लेकर इगलास क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ रह रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com